कोटद्वार, गुरूवार
19 दिसम्बर 2024
वर्षः 46
अंकः 223 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### मुख्यमंत्री आज करेंगे सतपुली झील का शिलान्यास

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गुरूवार 19 दिसंबर को जनपद के सतपुली में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री पूर्वाह्न 11.50 बजे हेलीकॉप्टर से बिलखेत हेलीपैड में पहुंचेंगे। यहां से वह कार से कार्यक्रम स्थल रामलीला मैदान सतपुली पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री 12.15 बजे से अपराह्न 01.35 बजे तक आयोजित कार्यक्रम में सतपुली झील का शिलान्यास सहित अन्य विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास करेंगे। तत्पश्चात वह 02.00 बजे हेलीकॉप्टर से देहरादून के लिए प्रस्थान करेंगे।

### महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने खून से लिखा सीएम को पत्र

हरिद्वार।महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने अपने रक्त से मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर माया देवी मंदिर श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े में 19, 20 और 21 दिसंबर को विश्व धर्म संसद का आयोजन करने की अनुमति मांगी है। उनका आरोप है कि पुलिस प्रशासन जबरदस्ती उनसे धर्म संसद के लिए अनुमति लेने का दबाव बना रहा है। मां बगलामुखी महायज्ञ स्थल भैरव घाट पर शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को रक्त से लिखे पत्र में लिखा है कि उनके कुछ साथी बांग्लादेश, पाकिस्तान सहित भारत में हिंदुओं के चल रहे नृशंस नरसंहार से व्यथित हैं। उनकी पीड़ा को दुनिया भर तक पहुंचाने के लिए माया देवी मंदिर श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े में 19, 20 और 21 दिसंबर को विश्व धर्म संसद का आयोजन कर रहे हैं। हमारा यह आयोजन किसी सार्वजनिक स्थान पर नहीं बल्कि अखाड़े के मुख्यालय पर हो रहा है। भीड़ एकत्रित करके शक्ति प्रदर्शन करने का कोई राजनैतिक कार्यक्रम नहीं है।

### धर्मूपुर में युवकों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग, दहशत

रुड़की। चार बाईकों पर तमंचों से लैस 8–10 युवकों ने धर्मूपुर में ग्रामीण के घर के बाहर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दहशत फैला दी। आरोप है कि वे एक दिन पहले ग्रामीण के बेटे से हुई कहासुनी के बाद वहां पहुंचे थे। खानपुर पुलिस इसका मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। आरोप है कि इसी रंजिश को लेकर बुधवार सुबह चार बाईकों पर सवार विशाल व आठ–नौ अन्य युवक धर्मूपुर में आयुष के घर के बाहर पहुंचे और उसे आवाज देकर बुलाया। उसके पिता महक सिंह और मां सावित्री ने बताया कि वह घर पर नहीं है। इस पर वे तमंचे निकालकर ताबड़तोड़ फायर करने लगे। गोली की आवाज सुनकर लोग इकट्ठा हुए तो वे वहां से भाग खड़े हुए। बाद में महक सिंह की सूचना पर पहुंची खानपुर पुलिस ने पूरी घटना की जानकारी ली। महक सिंह ने इसकी तहरीर थाने में दी। उसके मुताबिक आरोपियों ने कुल छह राउंड फायर किए हैं।

### भैरवनाथ मंदिर क्षेत्र में वायरल वीडियो में केस दर्ज

देहरादून।केदारनाथ क्षेत्र (केदारपुरी) में स्थित श्री भैरवनाथ मंदिर परिसर में जूते पहनकर घूमने और मूर्तियों के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। यह घटना मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई और इसके बाद सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल हो गई थी। सरकार के निर्देश पर इस मामले में रुद्रप्रयाग जिला पुलिस प्रशासन की ओर से धार्मिक भावनाओं को आहत करने संबंधी मुकदमा कोतवाली सोनप्रयाग में दर्ज किया गया है। बता दें कि 17 दिसंबर को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है कि मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में एक व्यक्ति भैरव मन्दिर परिसर में जूतों सहित घूमते हुए और हाथ में पकड़े डंडे से भैरवनाथ मंदिर की मूर्तियों से छेड़छाड़ करते हुए दिखाई दे रहा है। घटनाक्रम पर पुलिस की प्राथमिक जांच में प्रथम दृष्टतया वीडियो थोडा पुराना पाया गया। वीडियो में दिख रहा व्यक्ति केदारनाथ पुर्ननिर्माण कार्यों में लगी गावर कंपनी का मजदूर बताया जा रहा है।

---

**बेकाबू नेवी बोट ने यात्री नाव को मारी टक्कर**

## हादसे में 13 की मौत, 101 बचाए गए



मुंबई , गेटवे ऑफ इंडिया के पास नौसेना जहाज के एलीफेंटा द्वीप जा रहे नीलकमल नामक एक यात्री जहाज से टकराने से बड़ा हादसा हो गया। अधिकारियों ने बताया कि अभी तक इस हादसे में तीन नौसेने के जवान समेत कुल 13 लोगों की मौत होने की खबर सामने आ रही है। वहीं 101 अन्य यात्रियों को बचाए जाने की बात कही जा रही है। जबकि कई लोगों की तलाश अभी भी जारी है।

**सीएम फडणवीस ने लिया मामले का संज्ञान**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा मुंबई के पास बुचर द्वीप पर नौसेना की एक नाव दोपहर करीब 3.55 बजे 'नीलकमल' यात्री जहाज से टकरा गई। शाम 7.30 बजे तक की जानकारी के अनुसार 101 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है और 13 लोगों की मौत हो गई है। 13 मृतकों में 10 नागरिक और 3 नौसेना के जवान हैं। उन्होंने कहा कि दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें नौसेना के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 11 क्राफ्ट और 4 हेलीकॉप्टरों का उपयोग करते हुए नौसेना, तटरक्षक और पुलिस ने बचाव अभियान चलाया है। उन्होंने कहा कि लापता लोगों के बारे में अंतिम जानकारी कल सुबह उपलब्ध होगी।

**मृतकों के परिवारों को 5—5 लाख आर्थिक सहायता की घोषणा**

मुख्यमंत्री फडणवीस ने बोट हादसे में मृतकों के परिजनों को 5–5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता घोषित की है। उन्होंने कहा कि यह राशि मुख्यमंत्री सहायता निधि से प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस घटना की विस्तृत जांच होगी। नौसेना के साथ पुलिस भी मामले की जांच करेगी।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव

विकासनगर। यमुना नदी के बीच में खैर के पेड़ पर एक युवक का शव प्लास्टिक की रस्सी के सहारे पेड़ पर लटका हुआ मिला। पुलिस ने शव का पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल राजेश साह ने बताया कि थाना पूर्वावाला हिमाचल प्रदेश के माध्यम से सूचना मिली कि यमुना नदी के बीच में जंगल में खैर के पेड़ से एक युवक का शव लटका हुआ है।

सूचना पर तत्काल चौकी कुल्हाल पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पर एक व्यक्ति का शव प्लास्टिक की रस्सी के सहारे पेड़ से लटका हुआ था। शव को पेड़ से उतारकर मौके पर मौजूद लोगों से जानकारी की गई तो मृतक की शिनाख्त आस मोहम्मद पुत्र यामीन निवासी मिर्ज़ापुर पोल तहसील बेहट जनपद सहारनपुर के रूप में हुई।

कोतवाल ने बताया कि मृतक हिमाचल प्रदेश में मजदूरी का कार्य करता था। पौंटा हिमाचल में वह किराये पर रहता था। पंचायतनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मौत के कारणों की जांच की जा रही है। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

# समान नागरिक संहिता समाज को देगा नई दिशा : धामी


**उत्तराखंड में जनवरी 2025 से लागू होगी समान नागरिक संहिता**



जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड में जनवरी 2025 से समान नागरिक संहिता लागू हो जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस तरह उत्तराखंड, आजादी के बाद समान नागरिक संहिता लागू करने वाला प्रदेश बन जाएगा। उत्तराखंड का समान नागरिक संहिता कानून, सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की मूल भावना पर चलते हुए, समाज को नई दिशा देगा। यह कानून विशेषकर देवभूमि की महिलाओं और बच्चों के सशक्तिकरण के नए द्वार खोलेगा बुधवार को सचिवालय में उत्तराखंड निवेश और आधारिक संरचना विकास बोर्ड (यूआईआईडीबी) की बैठक के दौरान सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार अपने संकल्प के अनुसार, समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में होमवर्क पूरा कर चुकी है। कहा कि मार्च 2022 में प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद कैबिनेट की पहली बैठक में ही प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति, गठित करने का निर्णय लिया गया था। इस क्रम में सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया। समिति की रिपोर्ट के आधार पर 07 फरवरी, 2024 को राज्य विधानसभा से समान नागरिक संहिता विधेयक 2024 पारित किया गया। इस विधेयक पर महामहिम राष्ट्रपति की सहमति मिलने के बाद 12 मार्च, 2024 को इसका नोटिफिकेशन जारी किया गया। इसी क्रम में अब समान नागरिक संहिता, उत्तराखण्ड 2024 अधिनियम की नियमावली भी तैयार कर ली है। इस तरह उत्तराखंड अब जनवरी से समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संहिता के प्रावधान लागू करने के लिए कार्मिकों का समुचित प्रशिक्षण देने के साथ ही सभी तरह की आधारभूत सुविधाएं जुटा ली जाएं। साथ ही अधिक से अधिक सेवाओं को ऑनलाइन रखते हुए, जनसामान्य की सुविधा का ख्याल रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन सामान्य की सुलभता के दृष्टिगत समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए एक पोर्टल तथा मोबाइल एप भी तैयार किया गया है, जिससे कि पंजीकरण, अपील आदि की समस्त सुविधाएं ऑनलाइन माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही हैं। जनवरी, 2025 में उत्तराखंड में राज्य समान नागरिक संहिता लागू हो जाएगी।

## अमृतसर में किसानों का रेल रोको आंदोलन, यात्रियों को होगी असुविधा



अमृतसर ,। किसान आंदोलन के दो गैर राजनीतिक संगठन केएमएम और एसकेएम बुधवार को 12 बजे से 3 बजे तक तीन घंटे का रेल रोको आंदोलन कर रही है। प्रदर्शनकारी किसानों ने तीन बार दिल्ली में घुसने की कोशिश की थी जो नाकाम रही। किसान एमएसपी पर लीगल गारंटी समेत अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। मीडिया से बात करते हुए किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि 12 से 3 बजे तक रेल रोको आंदोलन किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन अमृतसर सहित विभिन्न स्थानों पर किया गया। उन्होंने कहा कि कल जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह खनौरी बॉर्डर पहुंचे और उनके साथ कई पंजाबी गायक और कई महान हस्तियां पहुंची। सिंह ने किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के स्वास्थ्य की जानकारी ली। आज इस जन आंदोलन में लाखों किसान, मजदूर, युवा शामिल हों। हमें उम्मीद है कि यह मोर्चा जीत की ओर बढ़ेगा। ये रेल रोको आंदोलन बाकी सभी रेल रोको आंदोलनों से बड़ा होगा। वहीं मंजीत सिंह धनेर ने कहा कि हमें अन्य लोगों के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित करने के संदेश मिले हैं। हम सभी पंजाबियों से अनुरोध करते हैं कि जहां भी रेल के फाटक है, वहां ज्यादा से ज्यादा लोग पहुंच कर रेल का चक्का जाम करें। खनौरी बॉर्डर पर माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल अनशन तोडऩे को तैयार नहीं हैं। बीते 15 दिसंबर को पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने केंद्रीय गृह मंत्रालय में निदेशक मयंक मिश्रा के साथ अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से मुलाकात कर उनसे बातचीत की थी। डल्लेवाल से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए डीजीपी गौरव यादव ने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार हम अनशनकारी नेता को तत्काल चिकित्सा सुविधा मुहैया करवाने आए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने माना है कि डल्लेवाल बहुत महत्वपूर्ण किसान नेता और वरिष्ठ नागरिक हैं। ऐसे में सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उन्हें चिकित्सा सुविधा मिले, क्योंकि खेती–किसानी के मुद्दों के लिए जीवन बहुत महत्वपूर्ण है।

## नववर्ष में चौकस होंगे सुरक्षा इंतजाम

ऋषिकेश। साल 2025 का स्वागत शांतिपूर्वक और सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। मुनिकीरेती–तपोवन में पर्यटकों के लिए पुलिस ने विशेष इंतजाम शुरू कर दिए हैं। एक प्लाटून पीएसी भी इस दफा नववर्ष के जश्न में सुरक्षा में तैनात होगी। सीओ अस्मित ममगाईं के मुताबिक नववर्ष पर मुनिकीरेती और तपोवन में पर्यटकों की भीड़ अत्याधिक रहती है। खासकर तपोवन व आसपास के बीच कैंप व अन्य सहासिक पर्यटन गतिविधियों के चलते यहां पर्यटक ज्यादा रुख करते हैं।

नववर्ष को लेकर पुलिस अभी से सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों में जुटी है, जिसमें यह तय हुआ है कि 31 दिसंबर की सुबह से ही पुलिस भद्रकाली, शिवपुरी, ब्रह्मपुरी और मधुबन आश्रम तिराहा पर बैरिकेडिंग लगाकर वाहनों की सघन तलाशी लेगी। चेकिंग में एल्कोमीटर से नशे में वाहन दौड़ाने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी होगी। अभियान में हड़दंगियों पर भी पुलिस का विशेष ध्यान रहेगा।

**आप सांसद संजय सिंह की मुश्किलें बढ़ीं**

## गोवा के सीएम की पत्नी ने 100 करोड़ की मानहानि का ठोका मुकदमा



नई दिल्ली , आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की मुश्किलें बढ़ गई हैं। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत की पत्नी सुलक्षणा सावंत ने संजय सिंह के खिलाफ ?100 करोड़ का मानहानि का मुकदमा दायर किया है। संजय सिंह ने इस महीने की शुरुआत में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान गोवा में कैश–फॉर–जॉब्स घोटाले में कथित तौर पर सुलक्षणा सावंत का नाम लिया था। सुलक्षणा सावंत ने संजय सिंह के खिलाफ गोवा के बिचोलिम में सिविल जज सीनियर डिवीजन कोर्ट में मानहानि का मुकदमा दायर किया।

**बिना किसी विश्वसनीय सबूत के लगाए आरोप**

एक आधिकारिक प्रेस नोट के अनुसार संजय सिंह ने सुलक्षणा सावंत को गोवा में कैश–फॉर–जॉब्स घोटाले से जोड़ा, जिसमें दावा किया गया कि वह भ्रष्ट आचरण में शामिल थीं। आरोपों में कहा गया है, इन बयानों को कई राष्ट्रीय और क्षेत्रीय समाचार चैनलों पर लाइव प्रसारित किया गया और जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर व्यापक रूप से शेयर किया गया, जहां उन्हें काफी देखा गया। मानहानि के मुकदमे में दावा किया गया है कि ये झूठे आरोप बिना किसी विश्वसनीय सबूत के लगाए गए थे, जिससे सुलक्षणा सावंत की ईमानदारी और सार्वजनिक छवि को नुकसान पहुंचा है। संजय सिंह द्वारा दिए गए बयान न केवल नुकसानदायक थे, बल्कि उन्हें बड़े पैमाने पर प्रसारित और साझा भी किया गया, जिससे झूठे आरोपों को बढ़ावा मिला।

**10 जनवरी 2025 को देना है जवाब**

प्रेस नोट में कहा गया, यह मानहानि एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान हुई, जिसमें संजय सिंह ने सुलक्षणा सावंत की ईमानदारी और घोटाले में उनकी संलिप्तता के खिलाफ सीधे आरोप लगाए, जिससे उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा। सुलक्षणा सावंत ने 100 करोड़ की मानहानी का मुकदमा दायर किया है। इसपर संज्ञान लेते हुए दीवानी मामलों के न्यायाधीश ने सुनवाई की और संजय सिंह को नोटिस जारी किया, जिसका जवाब 10 जनवरी 2025 को देना है।

## महाराज ने पोखड़ा ब्लॉक को 5 करोड़ 17 लाख की विकास योजनाओं की दी सौगात



जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज ने विकासखंड पोखड़ा में सड़क, सिंचाई, शिक्षा और पंचायत विभाग से संबंधित 5 करोड़ 17 लाख की विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। कैबिनेट मंत्री महाराज ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल में भी सड़कों, पंचायत भवनों, सिंचाई योजनाओं सहित शिक्षा, पेयजल और रोजगार के क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य चल रहे हैं।

प्रदेश के पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री और चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज ने चौबट्टाखाल विधानसभा क्षेत्र भ्रमण के दूसरे दिन बुधवार को विकासखंड पोखड़ा में महाराजा अग्रसेन हिमालय विश्वविद्यालय छात्रावास भवन का लोकार्पण करने के साथ-साथ उबोट में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान सड़क, सिंचाई, शिक्षा और पंचायत विभाग से संबंधित 5 करोड़ 17 लाख से भी अधिक की विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इस दौरान विश्वविद्यालय कैंपस सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि एक ओर जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन धन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, स्किल इंडिया मिशन, बेटी बचाओ बेटी पढाओ, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, अमृत योजना, डिजिटल इंडिया मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आत्मनिर्भर भारत जैसी योजनाओं ने वर्तमान भारत की तस्वीर बदल दी है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने चौबट्टाखाल विधानसभा के अन्तर्गत विकासखंड पोखड़ा के उबोट में तिलखोली में 64.21 लाख की लागत की भू-कटाव योजना, ग्राम पंचायत किमगड़ी में 64.80 लाख की मछलाड नदी से बाढ़ सुरक्षा योजना 168.37 लाख की लागत के संगलाकोटी-भेडगांव-गुडिण्डा मोटर मार्ग के डामरीकरण व सुदृढ़ीकरण और 48.25 लाख की धनराशि से वार्षिक अनुरक्षण मद के अन्तर्गत दमदेवल-गडरी मोटर मार्ग के किमी. 1, 2, 3 में नवीनीकरण कार्य के अलावा जीआईसी सकनोलीखाल में 47.19 लाख की लागत से स्वीकृत कला एवं शिल्प कक्ष तथा पुस्तकालय कक्ष निर्माण, 24.75 लाख की धनराशि से जीएचएसएच पालीधार में बनने वाले पुस्तकालय कक्ष के कार्य, 24.75 लाख से जीआईसी सकनोलीखाल में बनने वाले पुस्तकालय कक्ष के कार्य और ग्राम पंचायत मसमोली में 10 लाख की लागत से बनने वाले पंचायत भवन का शिलान्यास करने के साथ-साथ विकासखंड पोखड़ा के अन्तर्गत राउमावि पालीधार में 24.75 लाख की लागत से बने 01 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष कार्य और विकासखंड पोखड़ा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बीणाधार, सेडियाधार, पोखड़ा व बीणा मल्ली में 40.00 लाख से निर्मित 04 पंचायत भवनों का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर महाराजा अग्रसेन हिमालयन गढ वाल विश्वविद्यालय के चांसलर शिव कुमार गुप्ता, प्र. चासलर संजीव त्यागी, डॉ. गगनेश त्यागी, वाइस चांसलर प्रो. एन. के सिन्हा, कुलसचिव डॉ. टीकम सिंह, सीआरसी के निदेशक प्रो. संजय, प्रशासन श्रीमती प्रीति देवी, पोखड़ा मंडल अध्यक्ष प्रभुशरण बुड़ाकोटी, जिलामंत्री राजपाल रावत, जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र डंडरियाल, पूर्व मण्डल अध्यक्ष सत्यराज नेगी, पूर्व प्रमुख सुरेन्द्र सिंह रावत, बीकेटीसी के सदस्य पुष्कर जोशी, पूर्व प्रमुख श्रीमती रामेश्वरी सहित अनेक विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## कठुआ के एक घर में लगी आग, दो बच्चों समेत छह की मौत

कठुआ ,जम्मू के कठुआ स्थित शिवानगर शहर में बुधवार को दुखद हादसे में छह लोगों की जान चली गई। कठुआ के जीएमसी अस्पताल के चिकित्सक के मुताबिक घर में आग लग गई थी जिसमें दम घुटने से सभी की मौत हो गई।

मरने वालों में दो बच्चे भी शामिल हैं। वहीं, आग लगने की सूचना मिलने के बाद मौके पर दमकल विभाग के कर्मचारी पहुंचे। कठुआ जीएमसी अस्पताल के डॉ. सुरिंदर अत्री ने कहा, यह एक दुखद घटना है। यह आग रेंटेड हाउस में लगी है। हमारे असिस्टेंट मैट्रन तीन चार महीने पहले रिटायर हुई थीं। किराए के मकान में ही यह घटना घटी। इस घटना में कुल छह लोगों की जान चली गई। बचे हुए तीन लोग अभी खतरे से बाहर हैं। कहा जा रहा है कि उनके घर में किसी प्रकार की जोत या आग जलती थी, जिससे फर्नीचर और अन्य सामग्री में आग लग गई। यह आग पूरी तरह से उनके कमरे में फैल गई और इसका असर उनके आसपास के कमरे पर भी पड़ा, जिससे घबराहट और धुएं से ही मौत हो गई। उन्होंने आगे कहा, इस घटना में जलने के कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिले हैं, बल्कि धुएं के कारण हुई दम घुटने की वजह से यह हादसा हुआ। यह सब एक ही कमरे में सोते हुए हुआ। यह घटना रात लगभग 2:21 बजे के आसपास हुई। फोन पर उन्हें इस घटना की सूचना दी गई। कॉल के बाद तुरंत प्रशासन और पुलिस से संपर्क किया गया और बाद में लोग अस्पताल लाए गए। अस्पताल पहुंचने पर छह लोगों की मृत्यु हो चुकी थी। इनमें से एक व्यक्ति हाल ही में मेडिकल विभाग से रिटायर हुआ था। मरने वालों में असिस्टेंट मैट्रन का पति, उनकी एक बेटी जो अविवाहित थी, और उनके भाई के दो बच्चे शामिल थे।

## दिल्ली—एनसीआर में तीखे हुए सर्दी के तेवर, कश्मीर में जम गए झरने



नई दिली , उत्तर और पूर्वी भारत के कई हिस्सों में बुधवार को भी सर्दी का सितम जारी है। दिल्ली–एनसीआर में बढ़ती ठंड़ ने लोगों की परेशानी भी बढ़ा दी है। ठंड़ से बचाव के लिए जरूरतमंद लोग रैन बसेरा में रात गुजार रहे हैं। दिल्ली–एनसीआर के अलग–अलग हिस्सों में कोहरे की चादर छाई हुई। कोहरे के कारण विजिबिलिटी कम हो गई। वाहन चलाते समय लोगों को खासा दिक्कत हो रही है।

**पडऩे वाली है और भयंकर ठंड**

ठंड के सितम के बीच अब मौसम विभाग की ओर से ताजा अपडेट सामने आया है। मौसम विभाग के अनुसार 18 दिसंबर को हिमालयी क्षेत्र को एक नया पश्चिमी विक्षोभ प्रभावित कर सकता है जिसके कारण अगले कुछ दिनों बाद यूपी में कड़ाके की ठंड पड़ सकती है। वहीं, ढ्ररूष्ठ के पूर्वानुमान के अनुसार बुधवार को यूपी के कुछ हिस्सों में सुबह या देर रात के समय मध्यम और छिछला कोहरा दिखाई दे सकता है। हालांकि मौसम विभाग की ओर से फिलहाल घने कोहरे या शीतलहर को लेकर कोई अलर्ट नहीं जारी किया गया है।

**राजस्थान के कई शहरों में तापमान माइनस में जाएगा**

राजस्थान में तापमान में काफी गिरावट आई है। 16 शहरों में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। सीकर और झुंझुनू में अधिकतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगले तीन दिनों में ठंड और बढ़ेगी।

## एक माह से बंद पड़ी इन्दिरा अम्मा कैंटीन को तोड़ने की तैयारी

विकासनगर। नौ साल पहले गरीब लोगों को सस्ते दामों पर खाना उपलब्ध कराने के लिए सरकार की ओर से सेलाकुई औद्योगिक क्षेत्र में खोला गया इंदिरा अम्मा कैंटीन एक माह बंद पड़ी है। जिस कारण से औद्योगिक क्षेत्र में काम करने वाले गरीब तबके के मजदूर को खाने के ज्यादा पैसे चुकाने पड़ रहे हैं। बताया जा रहा है कि बंद पड़े इस कैंटीन को सिडकुल प्रशासन तोड़ने की तैयारी कर रहा है। 2016–17 में तत्कालीन मुख्यमंत्री हरीश रावत ने सेलाकुई सिडकुल में मजदूरों व कर्मचारियों को सस्ता भोजन उपलब्ध कराने के लिए इन्दिरा अम्मा कैंटीन का शुभारंभ किया था। जिसमें औद्योगिक क्षेत्र के सैकड़ों मजदूर कम पैसों में भोजन करते थे। लेकिन एक माह से कैंटीन बंद होने से अब कर्मचारियों के आगे खाने का संकट पैदा हो गया है। जिन्हें ज्यादा पैसा देकर अन्य होटलों में खाना खाना पड़ रहा है। कंपनी कर्मचारी सुरेश महेश रावत, दिनेश कुमार, पीयूष गर्ग, अजमत, सुनीता, सविता देवी, रिहाना, परवीन आदि का कहना है कि उन्हें इससे काफी राहत मिलती थी।

## जियाउर्रहमान बर्क ने अपनी गिरफ्तारी पर रोक के लिए पहुंचे इलाहाबाद हाईकोर्ट, दायर की याचिका



लखनऊ, समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने बुधवार को संभल हिंसा मामले में अपनी गिरफ्तारी पर रोक लगाने की मांग करते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। अपनी याचिका में उन्होंने अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग की है।बर्क ने दलील दी कि अगर उन्हें गिरफ्तार किया गया, तो यह अपूरणीय क्षति साबित होगी।संभल हिंसा में जिलाउर्रहमान बर्क आरोपी हैं। अब शुक्रवार को इस मामले पर सुनवाई होगी। बता दें कि संभल हिंसा को लेकर सात एफआईआर दर्ज की गई हैं। सपा सांसद जियाउर रहमान बर्क और विधायक इकबाल महमूद के बेटे सोहेल इकबाल के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। दोनों पर संभल हिंसा भडक़ाने का आरोप है। एसपी कृष्णा बिश्नोई ने बताया था कि संभल हिंसा मामले में अब तक 27,00 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। संभल के समाजवादी पार्टी से सांसद जियाउर्रहमान बर्क के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज है। बर्क ने 29 नवंबर को आईएएनएस से बातचीत में कहा था, हम सवोच्च न्यायालय इसलिए गए थे, क्योंकि हमें उम्मीद थी कि इंसाफ जरूर मिलेगा। कोर्ट ने अच्छा आदेश दिया है। निचली अदालतों में सुनवाई पर रोक लगा दी गई है। इसके अलावा, सर्वे की रिपोर्ट को सीलबंद लिफाफे में रखने को कहा गया है। प्रशासन को हिदायत दी गई है कि वह पूरे मामले में तटस्थ रहे। सपा सांसद ने कहा था, अब हम इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में एक और याचिका डालेंगे, जिसमें यह मांग करेंगे कि सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज के नेतृत्व में आयोग गठित कर इस मामले की जांच की जाए, क्योंकि प्रशासन द्वारा गठित आयोग से हम लोग संतुष्ट नहीं हैं।

## सम्पादकीय

# खनन से मालामाल सरकार

उत्तराखंड की आर्थिक व्यवस्था में खनन और आबकारी का राजस्व आगरा विशेष महत्व रखता है। प्रत्येक वर्ष जहां आबकारी क्षेत्र में निर्धारित लक्ष्य प्रताप का प्रावधान है तो वही खनन में भी सरकार ने मानक तय किए हैं जो उत्तराखंड के राजकोष को धन—धान्य से परिपूर्ण रखते हैं। राज्य सरकार के लिएअच्छी बात यह है कि इस वित्तीय वर्ष 2024—25 में खनन से अब तक 650 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई है, जो कि विगत वर्ष 2023—24 के प्रथम आठ महीनों की तुलना में लगभग 100 प्रतिशत अधिक है। इसके अतिरिक्त वर्ष 2023—24 में 875.00 करोड रूपये के लक्ष्य के सापेक्ष कुल रू0 645.42 करोड़ का राजस्व किया गया था अर्जित जो गत वर्ष की तुलना में 40 प्रतिशत अधिक है। यानी की इस वित्तीय वर्ष में खनन ने सरकार को आर्थिक तौर पर मजबूत करने का काम किया है और वित्तीय वर्ष समाप्त होने तक करण के क्षेत्र में राजस्व वसूली को लेकर सरकार उत्साहित है। वर्ष 2022—23 में राज्य सरकार के द्वारा 875 करोड का राजस्व लक्ष्य रखा गया था, जिसके सापेक्ष 472.25 करोड राजस्व अर्जित किया गया व वर्ष 2023—24 में राज्य सरकार द्वारा कुल 875.00 करोड रूपये का लक्ष्य रखा गया था, जिसके सापेक्ष 645.42 करोड राजस्व के रूप में अर्जित किया गया। वैसे तो उत्तराखंड अवैध खनन के लिए भी चर्चा में रहता है और पूर्व में अवैध खनन और खनिज की चोरी को लेकर कई बड़ी आपराधिक घटनाएं भी सामने आ चुकी है। इनमें खनन माफियाओं द्वारा खनन विभाग या फिर पुलिस कर्मियों पर गाड़ियां चढ़ाने के मामले भी सामने आए हैं तो वही बड़े पैमाने पर मिली भगत से अवैध निकासी भी की जाती रही है। इस अवैध खनन से राज्य सरकार को करोड़ों रुपए का राजस्व का नुकसान उठाना पड़ता है। अवैध खनन को रोकने के लिए परिवर्तन दल समय—समय पर खनन स्थलों पर भविष्य देता है लेकिन माफिया के हौसले इतने बुलंद है कि कई बार विभाग की या छापे खुद उनके लिए मुसीबत बन जाते हैं। अवैध खनन के सबसे अधिक मामले देहरादून, हरिद्वार, उधमसिंहनगर व नैनीताल में ही सामने आते हैं। यहां माफिया तंत्र न केवल मजबूत है बल्कि आपराधिक विचारधारा से भी प्रभावित है। इस सबके बावजूद भी सरकार ने खनन क्षेत्र में रिकॉर्ड राजस्व प्राप्त किया है जो भविष्य के एक अच्छे संकेत हैं। अवैध खनन को रोकने के लिए प्रवर्तन दल की संख्या बढ़ाने के साथ—साथ उन्हें अत्याधुनिक हथियारों से भी लैस करना होगा ताकि माफिया के हौसलों को ध्वस्त किया जा सके।

# किसी दृष्टि से छोटी घटना नहीं सुखबीर बादल पर हमला

**अवधेश कुमार**

अमृतसर में श्री हरमंदिर साहिब में शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के अध्यक्ष और पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर बादल पर हमला किसी दृष्टि से छोटी घटना नहीं है।

संयोग कहिए या सुखबीर बादल की अभी आयु बची है अन्यथा हमलावर ने गोली चला ही दी थी। सुरक्षाकर्मियों ने उसे त्वरित गति से नियंतण्रमें लिया और हाथ ऊपर उठा दिया वरना जितने निकट से गोली चलाई गई थी सीधे सुखवीर बादल की छाती या सिर में घुस जाती।

सुखबीर बादल को अन्य अकाली नेताओं के साथ श्रीअकाल तख्त साहिब की तरफ से 11 दिन की सेवा की धार्मिक सजा सुनाई गई है। वे मुख्य प्रवेश द्वार पर बरछा लेकर व्हीलचेयर पर बैठे थे। उनकी सजा का दूसरा दिन था। इस समय सुखबीर बादल का पैर क्षतिग्रस्त है जिस कारण वह कुर्सी पर बैठ कर सेवा कर रहे हैं।

हमलावर 9 एमएम का ग्लोक रिवाल्वर लेकर इतने निकट पहुंच गया तो जांच होनी चाहिए कि ऐसा क्यों हुआ? वैसे यह दुर्भाग्य है कि कुछ नेताओं ने यही आरोप लगा दिया कि सुखबीर ने सहानुभूति लेने के लिए हमला कराया। पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा है कि हम इस पहलू से भी जांच कर रहे हैं। हमले के तरीके और स्थिति को देखते हुए सामान्य व्यक्ति सोच भी नहीं सकता कि इसके पीछे सुखबीर बादल या स्वयं अकाली दल का ही कोई षड्यंत्र होगा। गिरफ्तार हमलावर का नाम नारायण सिंह चौड़ा है जिसे बब्बर खालसा इंटरनेशनल का आतंकवादी कहा जा रहा है। वह डेरा बाबा नानक का रहने वाला है। नारायण सिंह चौड़ा पर आतंक और अपराध के अनेक आरोप हैं। जानकारी के अनुसार उस पर पाकिस्तान से भारी संख्या में हथियार लाने सहित करीब 30 मामले दर्ज हैं। वह तीन बार जेल जा चुका है और 3,139 दिनों तक जेल में रहने का उसका रिकॉर्ड है।

उसे 28 फरवरी, 2013 को दो अन्य के साथ गिरफ्तार किया गया था। उसके कुराली स्थित ठिकाने से काफी संख्या में हथियार और गोला बारूद बरामद हुए थे। वह बब्बर खालसा इंटरनेशनल के आतंकवादियों जगतार सिंह हवारा, परमजीत सिंह भ्योरा, जगतार सिंह तारा और देवी सिंह को 2004 में चंडीगढ़ की बुरैल जेल से भागने में मदद की थी।

ध्यान रखिए कि ये सब पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के हत्यारे हैं, जो जेल में सुरंग खोदकर फरार हो गए थे। हालांकि इस मामले में वह बरी किया जा चुका है। उस पर 8 मई ,2010 को परमजीत सिंह पंचवाड़ के ड्राइवर रहे रतनदीप सिंह के साथ अमृतसर में सर्किट हाउस के पास एक कार में आरडीएक्स रख कर धमाका करने की साजिश का भी आरोप लगा था।

तरण तारण, गुरदासपुर सहित अन्य जिलों में भी उस पर गैर—कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम यानी यूएपीए सहित गंभीर धाराओं में मामले दर्ज हैं। अंतिम बार वह 2022 में जमानत पर बाहर आया। चार दशक पहले उसके पाकिस्तान जाकर प्रशिक्षण लेने की भी बात सामने आई है। वहां उसने खालिस्तान नेशनल आर्मी का गठन किया था। वास्तव में आतंकवाद के शुरु आती चरण के दौरान पंजाब में हथियारों और विस्फोटकों की बड़ी खेप की तस्करी में वह शामिल रहा। पाकिस्तान में रहते हुए उसने गुरिल्ला युद्ध और देशद्रोही साहित्य पर किताब भी लिखी। सुखबीर बादल पर हमले के बाद केंद्रीय रेल राज्य मंत्री नवनीत सिंह बिट्टू का बयान है कि नारायण चौड़ा ने 2009 में उन पर भी हमला किया था। उनके अनुसार वह गाड़ी में आरडीएक्स लेकर घूमता था।

बिट्टू लगातार यह विषय उठा रहे हैं कि ऐसे आतंकवादियों को जेल से रिहा करना खतरनाक है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मामले में एसआईटी गठित कर दी है, जिसमें अमृतसर पुलिस कमिश्नर के साथ 5 वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। आप सोचिए, इस तरह का खतरनाक व्यक्ति पंजाब में सरेआम घूम रहा है तो इसे किस रूप में देखा जाए? वह धर्म पर व्याख्यान देता है, पुस्तक के अलावा लेख, कविताएं लिखता है। उसमें क्या बातें होती होंगी इसकी आसानी से कल्पना की जा सकती है। अगर वह पूरे बादल परिवार को पंथ का गद्दार मानता है तो इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं। वह सरेआम बोलता रहा है कि उपमुख्यमंत्री के रूप में सुखबीर बादल, उनके पिता मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल पंथ के विरुद्ध काम करते रहे हैं। ऐसी आतंकी सोच रखने वालों के लिए हर वह व्यक्ति पंथ का गद्दार होगा जो उसकी खालिस्तान संघर्ष की योजना का साथ न दे। उसने टीवी चैनल पर भी बादल परिवार को धमकी दी थी। सूचना यह है कि केंद्र सरकार भी इस संबंध में पुलिस को सचेत कर चुकी थी। उसकी मानसिकता देखिए कि पुलिस ने जब उसे पकड़ा तो हंस रहा था। वास्तव में चौड़ा अकेले नहीं है जो इस समय पंजाब में सरेआम घूमते हुए हिंसक वातावरण निर्माण कर रहा है। हमने पंजाब के शहरों में खालिस्तान समर्थकों को सरेआम झंडा लेकर सडक़ों पर प्रदर्शन करते देखा है। अमृतपाल सिंह का मामला सामने है। उसे किस तरह तैयार करके भारत भेजा गया यह भी सामने आ चुका है। वह सारेआम पूरे पंजाब में भारत विरोधी और आग लगने वाला बयान देता था, सभाएं करता था, उसका जगह—जगह स्वागत होता रहा और उसने देखते—देखते पूरे पंजाब में अपना एक बड़ा समूह खड़ा कर लिया। वह नशा छुड़ाने के नाम पर युवाओं को पकड़ता, उनको पीटता और उसके साथ उन्हें सिख कौम के नाम पर उसकी खालिस्तान दृष्टि से काम करने के लिए भी तैयार करता था। जरनैल सिंह भिंडरावाले के गांव के गुरु द्वारे में जाकर भाषण दिया और उसके बाद उसकी गिरफ्तारी हुई। पिछले कुछ वर्षो में बेअदबी की घटनाओं के आरोप लगा कर गुरुद्वारों तक में हिंसा और हत्याएं हुई। पुलिस ने पूरे प्रदेश से हिंसा की आग में झोंकने वाले हथियारों के भंडार बरामद किए हैं, आतंकवादी गिरफ्तार हुए हैं। विदेश में दृष्टि दौड़ाएं तो अलगाववादी हिंसक तत्वों की गतिविधियां बता रही हैं कि नये सिरे से पंजाब में उथल—पुथल पैदा करने के षड्यंत्र जारी हैं।कनाडा सरकार ने तो वहां मारे गए आतंकवादी के पक्ष में भारत को कठघरे में खड़ा किया। हालांकि ऐसे लोग मुी भर से ज्यादा नहीं हैं, इसलिए ये सफल होंगे ऐसा नहीं माना जा सकता। किंतु जिस प्रदेश ने आतंकवाद का इतना बड़ा दौर देखा, 72 हजार के आसपास लोगों की जानें गई वहां सुखबीर बादल पर हमला बताता है शासन की ओर से किस तरह की सख्ती और सतर्कता की आवश्यकता है।

# भारतीय अरबपतियों का धन तेज रफ्तार से बढ़ा

जब मध्य वर्ग के ढहने और उपभोक्ता बाजार के मंद होने की चर्चा चिंता का कारण बनी हुई है, तभी भारतीय अरबपतियों का धन तेज रफ्तार से बढ़ा है। वित्त वर्ष 2023—24 में उनके पास मौजूद धन में 42 फीसदी इजाफा हुआ।भारत में कम—से—कम एक तबके की चमक जरूर बढ़ रही है। वे भारत के उद्योगपति हैं। जिस समय देश में मध्य वर्ग के ढहने और उपभोक्ता बाजार के मंद होने की चर्चा चिंता का कारण बनी हुई है, तभी अरबपतियों का धन तेज रफ्तार से बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 2023—24 में उनके पास मौजूद धन में 42 फीसदी इजाफा हुआ। रकम में देखें, तो यह बढ़ोतरी 905 बिलियन डॉलर की रही। उद्योगपतियों की संख्या के लिहाज से भारत पहले ही दुनिया में तीसरे नंबर पर आ चुका है। चूंकि चीन में विषमता घटाने की नीति पर सख्त अमल के कारण अरबपतियों की संख्या और उनका सकल धन घट रहा है, इसलिए संभव है कि कुछ वर्षों में भारत इस सूची में अमेरिका के बाद दूसरे नंबर पर आ जाए।दस साल के आंकड़ों पर गौर करें, तो भारत में उद्योगपतियों की संख्या दो गुना होकर 185 तक पहुंच चुकी है, जबकि उनका कुल धन लगभग पौने तीन गुना (सही आंकड़ा 263 प्रतिशत है) बढ़ गया है। स्विस बैंक यूबीएस हर वर्ष अरबपतियों के बारे में रिपोर्ट जारी करता है। उसकी ताजा रिपोर्ट के मुताबिक इस समय वैश्विक रुझान अरबपतियों का धन अपेक्षाकृत घटने का है, लेकिन भारतीय अरबपति इस रुझान को मात देने में कामयाब हैं। पिछले वित्त वर्ष में अरबपतियों के धन के लिहाज से टॉप पांच देशों में अमेरिका, जर्मनी और ब्रिटेन में भी अरबपतियों का कुल धन बढ़ा, मगर सबसे ज्यादा वृद्धि भारत में दर्ज हुई।सिर्फ चीन ऐसा देश रहा, जहां इस वर्ग के कुल धन में गिरावट आई। अब इन आंकड़ों पर देश के लोग चाहें, तो फख्र कर सकते हैं! किसी भी क्षेत्र में खास कर धनी देशों से भारत के आगे निकलने की खबर पर आम तौर पर अपने लोग खुश होते नजर आते हैं। मगर पेच यह है कि अरबपतियों और उनसे सीधे तौर पर जुड़े छोटे से तबके की खुशहाली अन्य वर्गों की बदहाली की कीमत पर हासिल हो रही है। इसलिए कि अरबपति उत्पादक अर्थव्यवस्था में निवेश के बजाय पैसा से पैसा बढ़ाने और तफरीह पर धन लुटाने में ज्यादा रुचि दिखा रहे हैं।

## सरकार ओसीसीआरपी की साख पर सवाल उठा रही

**हरिशंकर व्यास**

कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी पर आरोप है कि वे देश में विकास को बाधित कर रहे हैं, निवेश रोकना चाहते हैं, देश को बदनाम कर रहे हैं आदि आदि। सवाल है कि क्या गौतम अडानी के खिलाफ कोई बात कहना देश के खिलाफ बोलना हो गया? पहले तो भाजपा और केंद्र सरकार के इकोसिस्टम ने यह नैरेटिव बनाया कि सरकार के खिलाफ या नरेंद्र मोदी के खिलाफ बोलना देश के खिलाफ बोलना होता है। उन्होंने प्रधानमंत्री और सरकार को ही देश बना दिया। अब क्या नरेंद्र मोदी वाली स्थिति ही गौतम अडानी की भी देश में बना रहे है, जो उनके खिलाफ बोलने को भी देश के खिलाफ बोलना कहा जाएगा?इसी तरह दूसरा सवाल यह है कि ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट यानी ओसीसीआरपी की किसी रिपोर्ट का हवाला देना देश विरोधी कैसे हो गया? यह संस्था तो पूरी दुनिया में भ्रष्टाचार और संगठित अपराध के मामले खोलती है। इसका मतलब है कि संस्था भ्रष्टाचार विरोधी है। तो भ्रष्टाचार विरोधी संस्था भारत विरोधी संस्था कैसे हो गई?

# बांग्लादेश में हिन्दू अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न दुर्भाग्यपूर्ण

**अनिल जैन**

जिस बांग्लादेश के निर्माण में भारत ने अहम भूमिका निभाई थी, अब उसी के साथ भारत के रिश्ते अभूतपूर्व तनाव के दौर से गुजर रहे हैं। वहां चार महीने पहले निर्वाचित सरकार के तख्तापलट और उसके बाद अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के भारत में शरण ले लेने के बाद दोनों देशों के बीच राजनयिक रिश्ते तो तल्ख हुए ही हैं, साथ ही बांग्लादेश में रह रहे हिन्दू अल्पसंख्यकों पर हिंसक हमलों की घटनाओं से भी दोनों देशों के रिश्तों में खासी कटुता आ गई है।

यह बात किसी से छिपी नहीं है कि बांग्लादेश में ऐसे लोगों की बड़ी तादाद हो गई है जो अपने देश की पहचान 1971 के संदर्भ में नहीं, बल्कि 1947 के संदर्भ में देखने लगे हैं। देश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस तो संयुक्त राष्ट्र के मंच पर भी कह चुके हैं, 'बांग्लादेश बना, क्योंकि लोगों का उदारवाद, बहुलवाद एवं धर्मनिरपेक्षता में गहरा यकीन था। अब दशकों बाद नई पीढ़ी उन मूल्यों और उसूलों पर पुनर्विचार कर रही है, जैसा कि 1952 में हुआ था, जब हमारे देशवासियों ने अपनी मातृ भाषा बांग्ला की रक्षा का संकल्प लिया था।' यानी 1952 में तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान के लोगों ने मजहबी आधार पर बने राष्ट्र (पाकिस्तान) को नकार कर भाषा एवं संस्कृति पर आधारित बहु—धर्मीय राष्ट्र को स्वीकार किया था। लेकिन अब लोग 1947 की तरफ देख रहे हैं, जब भारत का मजहबी आधार पर विभाजन हुआ था।अब बात चूंकि मुस्लिम पहचान पर आ गई है, तो स्वाभाविक नतीजा यह है कि वहां धार्मिक अल्पसंख्यकों के समान अधिकार की आकांक्षा पर चोट की जा रही है। इस रूप में पूरब की ओर भी पाकिस्तान की धारणा साकार हो रही है। यह घटनाक्रम ऐसे वक्त पर उभर कर सामने आया है, जब भारत उसे वैचारिक चुनौती देने के लिहाज से बेहद कमजोर स्थिति में है। चूंकि भारत में भी अब सत्ता प्रेरित मुख्य विमर्श हिन्दू—मुसलमान पर केंद्रित है, लिहाजा बांग्लादेश में हमेशा से मौजूद रही और अब सिर उठा कर सामने आ चुके मजहबी कट्टरपंथी ताकतों को भी तर्क और ताकत मिल रही है।वैसे शेख हसीना के तख्तापलट के बाद से वहां मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने भी पाकिस्तान से रिश्तों में गर्माहट लाने की दिशा में ऐसे कई ठोस कदम उठाए हैं, जो भारत के हित में नहीं माने जा सकते। पिछले महीने ही पाकिस्तान का एक मालवाहक पोत कराची से चल कर बांग्लादेश के दक्षिणपूर्वी तट स्थित चटगांव बंदरगाह पर पहुंचा। 1971 में बांग्लादेश के मुक्ति युद्ध के बाद से दोनों देशों में पहली बार सीधा समुद्री संपर्क हुआ है।इससे पहले उनके बीच समुद्री व्यापार सिंगापुर या कोलंबो के जरिए होता था। खुद बांग्लादेश ने इस घटना को पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय संबंधों में महत्त्वपूर्ण कदम की शुरु आत बताया है। कहा है कि इस रूट पर समुद्री संपर्क बनना दोनों देशों के बीच सप्लाई चेन को आसान बनाएगा, परिवहन के समय में कमी आएगी और आपसी व्यवसाय के लिए नये अवसरों के दरवाजे खुलेंगे।जाहिर है कि यह सीधा समुद्री संपर्क पाकिस्तान और बांग्लादेश के राजनयिक रिश्तों में ऐतिहासिक बदलाव का संकेत है। इसके पहले खबर आई थी कि दोनों देश एक परमाणु सहयोग समझौते पर बातचीत कर रहे हैं, जिसके तहत पाकिस्तान परमाणु बिजली संयंत्र लगाने में बांग्लादेश की मदद करेगा। पूरा घटनाक्रम भारत के लिए चिंता का पहलू है। आम संबंधों के साथ दोनों देशों के उग्रवादी तत्वों के बीच संपर्क बनना भी आसान हो सकता है। लेकिन इस मामले में भारत कुछ कर सकने की स्थिति में नहीं दिखता।दुर्भाग्यपूर्ण है कि बांग्लादेश में हिन्दू अल्पसंख्यकों के उत्पीडऩ को लेकर वहां की अंतरिम सरकार को अंतरराष्ट्रीय कठघरे में खड़ा करने की रणनीति पर राष्ट्रीय आम सहमति बनाने की बजाय भारत में सियासी पार्टियां खासकर सत्तारूढ़ पार्टी राजनीतिक लाभ उठाने के अभियान में जुटी हुई हैं। भाजपा और उसके सहयोगी उग्र हिन्दूवादी संगठनों की ओर से देश में जगह—जगह बांग्लादेश के खिलाफ और वहां रह रहे हिन्दुओं के समर्थन में प्रदर्शन हो रहे हैं। बांग्लादेश के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करके उसे सबक सिखाने की बातें हो रही हैं। कहा जा रहा है कि पूरे बांग्लादेश को निबटाने के लिए भारत के दो राफेल विमान ही काफी हैं।बांग्लादेश को बिजली, पानी और दूध की आपूर्ति बंद कर देने की बातें कही जा रही हैं। मगर भारत में यह सब करने और कहने से बांग्लादेश के हिन्दुओं का भला होने की बजाय और नुकसान ही हो रहा है। यही वजह है कि बांग्लादेश नेशनिलस्ट पार्टी की के सदस्य गायेर चंद्र रॉय को कहना पड़ा है कि उनके देश के मामलों में भारत दखलंदाजी करने और बांग्लादेश के राजनीतिक दलों को नियंत्रित करने की कोशिशों से बाज आए। भारत में बांग्लादेश विरोधी उग्र प्रदर्शनों और बयानों के अलावा एक खतरनाक और विभाजनकारी सिलसिला और जारी है, जो आग में घी का काम कर रहा है। यह सिलसिला है—हर पुरानी मस्जिद और दरगाह के नीचे मंदिर ढूंटने का। आए दिन किसी न किसी प्राचीन मस्जिद और दरगाह के नीचे मंदिर होने का दावा किया जा रहा है। उपासना स्थल कानून, 1991 के मुताबिक 15 अगस्त, 1947 से पहले अस्तित्व में आए किसी भी धार्मिक समुदाय के उपासना स्थल को किसी दूसरे धार्मिक समुदाय के उपासना स्थल में नहीं बदला जा सकता।

# अल्लारी नरेश स्टारर बाछला मल्ली का ट्रेलर लॉन्च, 20 दिसंबर को फिल्म होगी रिलीज




अल्लारी नरेश अभिनीत फिल्म बछला मल्ली का ट्रेलर नेचुरल स्टार नानी द्वारा लॉन्च किया गया है। सुब्बू मंगादेवी द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक देहाती एक्शन ड्रामा है जो एक गहन और मनोरंजक सवारी होने का वादा करती है। ट्रेलर की शुरुआत अल्लारी नरेश द्वारा निभाए गए नायक से होती है, जो बारिश में बेहोश पड़ा है, और फिर हमें घटनाओं की एक श्रृंखला के माध्यम से ले जाता है जो उसके लापरवाह व्यवहार को उजागर करती है। ट्रेलर हमें नायक के परिवर्तनकारी बदलाव से परिचित कराता है, जो उसके जीवन में आने वाली एक लडक़ी द्वारा प्रेरित होता है। अमृता अय्यर ने प्रेमिका की भूमिका निभाई है, और नायक से हिंसक तरीके छोडऩे की उनकी कोमल विनती उसे नरम कर देती है। ट्रेलर में रोहिणी, राव रमेश और अच्युत कुमार सहित अन्य प्रमुख कलाकारों का भी परिचय दिया गया है। निर्देशक सुब्बू मंगादेवी ने एक अधिक गहन कहानी ली है और इसे बहुत ही शानदार तरीके से प्रस्तुत किया है, जिसने दर्शकों को शुरू से अंत तक बांधे रखा। तकनीकी दल ने बेहतरीन काम किया है, रिचर्ड एम नाथन की सिनेमैटोग्राफी ने कहानी को और बेहतर बनाया है, और विशाल चंद्रशेखर का संगीत अपनी बेहतरीन रचना के साथ अलग खड़ा है।

## पालात लोक का पहला प्रोमो जारी, जयदीप अहलावत का दिखा धांसू अवतार

जयदीप अहलावत और अभिषेक बनर्जी की लोकप्रिय और चर्चित वेब सीरीज पाताल लोक के दूसरे सीजन का ऐलान पहले ही हो चुका है।इस सीरीज का पहला सीजन 15 मई, 2020 को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुआ था और इसमें कुल 9 एपिसोड थे।

लगभग 4 साल बाद इसका दूसरा सीजन आ रहा है।अब निर्माताओं ने पाताल लोक 2 का पहला प्रोमो वीडियो जारी कर दिया है, जिसमें जयदीप का धांसू अवतार दिख रहा है। पालाक लोक 2 जल्द ही अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देगी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। ओटीटी प्लेटफॉर्म ने प्रोमो साझा करते हुए लिखा, मौसम बदलने वाला है। सावधानः आगे पाताल लोक है।


# गाबा टेस्टः जसप्रीत बुमराह ने तोड़ा ये बड़ा रिकॉर्ड, इस दिग्गज भारतीय को छोड़ा पीछे



नईदिल्ली,ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम और भारतीय क्रिकेट टीम के बीच बॉर्डर—गावस्कर ट्रॉफी 2024—25 का तीसरा टेस्ट मैच गाबा में खेला जा रहा है। कंगारू टीम की दूसरी पारी में जसप्रीत बुमराह ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है।उन्होंने जैसे ही मार्नस लाबुशेन को आउट किया, वह ऑस्ट्रेलिया में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए।बुमराह ने पूर्व दिग्गज कपिल देव का रिकॉर्ड तोड़ा है। इस सीरीज में भारतीय उपकप्तान कमाल के फॉर्म में हैं। बुमराह ऑस्ट्रेलिया में 19 पारियों में 53 विकेट ले चुके हैं। कपिल ने 21 पारियों में 51 विकेट लिए थे। अनिल कुंबले के नाम 18 पारियों में 49 विकेट और रविचंद्रन अश्विन ने 19 पारियों में 40 विकेट झटके हैं।बुमराह के 3 टेस्ट में 21 विकेट हो गए हैं। वह घर से बाहर 3 सीरीज में ऐसा कर चुके हैं। इस मामले में भी उन्होंने कपिल को पीछे छोड़ा है, जिन्होंने 2 सीरीज में ऐसा किया था। बुमराह ब्रिसबेन, गाबा के मैदान पर एक पारी में सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले भारतीय गेंदबाज भी बने हैं। उन्होंने इरापल्ली प्रसन्ना (1968 में 6/104) का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा।पहली पारी में इस खिलाड़ी ने 28 ओवर गेंदबाजी की थी और 9 मेडन ओवर के साथ 76 रन देकर कंगारू टीम के 6 बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा था।बुमराह सेना देशों में सबसे ज्यादा बार 5 विकेट हॉल लेने वाले भारतीय गेंदबाज भी बन गए हैं। बुमराह ने पहली पारी में 28 ओवर में 9 मेडन ओवर के साथ 76 रन देकर 6 विकेट लिए थे। दूसरी पारी में उन्होंने 6 ओवर में 1 मेडन ओवर के साथ 18 रन देकर 3 विकेट लिए।ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर उन्होंने दूसरी बार में 1 टेस्ट में 9 विकेट लिए हैं। इससे पहले साल 2018 के मेलबर्न टेस्ट में उन्होंने यह कारनामा किया था।उनके अलावा और कोई भारतीय तेज गेंदबाज ऐसा नहीं कर पाया है।

# अक्षय कुमार की पहली तेलुगु फिल्म कन्नप्पा की रिलीज तारीख का ऐलान

अक्षय कुमार तेलुगु फिल्म में कैमियो करने जा रहे हैं। फिल्म कनप्पा के पहले पोस्टर और रिलीज डेट से पर्दा उठ गया है। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अगले साल दस्तक देगी। अक्षय कुमार की फिल्म कनप्पा की पहली झलक सामने आ गई है। लगभग पांच महीने पहले भी इस फिल्म के टीजर में अक्षय कुमार की झलक नजर आई थी। जिसे देखकर लगा कि वह फिल्म कनप्पा में भगवान शिव की भूमिका निभाएंगे। फिल्म की पहली झलक के साथ ही अक्षय कुमार ने इसकी रिलीज डेट का खुलासा किया है।



विष्णु मांचू के ड्रीम प्रोजेक्ट कनप्पा का शानदार टीजर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म का टीजर कुल पांच भाषाओं में रिलीज किया गया है। फिल्म में प्रभास, अक्षय कुमार, काजल अग्रवाल, मोहनलाल ने अलावा कई अभिनेताओं ने अहम भूमिका निभाई हैं। फिल्म के टीजर में साउथ के अलावा बॉलीवुड के भी कई सितारे नजर आए। फिल्म का टीजर कुल पांच भाषाओं में जारी किया गया है, जिसमें तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी भाषा शामिल हैं। इस महाकाव्य की कहानी को अब दुनिया भर के दर्शक पांच भाषाओं में देख सकेंगे। फिल्म कनप्पा की कहानी भगवान शिव के एक भक्त कनप्पा की है। वह शिव की भक्ति में अपनी आंखें फोड़ देता है। इस तरह की कहानियां दर्शकों को काफी पसंद आती है। वैसे भी जब इस फिल्म का ट्रेलर आया था तो दर्शकों ने इसे भी काफी सराहा था। अभिनेता विष्णु मांचू ने कनप्पा के किरदार को निभाने के लिए काफी मेहनत की है उन्होंने अपनी फिटनेस पर भी काफी काम किया है। इस फिल्म में कई और बड़े कलाकार भी हैं जो इसमें अपने अभिनय से चार चांद लगा देंगे। अक्षय भी इस फिल्म का हिस्सा बनकर काफी खुश हैं। इस फिल्म का निर्देशन मुकेश कुमार सिंह ने किया है और इसका निर्माण मोहन बाबू ने किया है।

## मिचेल सैंटनर बने न्यूजीलैंड के वनडे और टी—20 टीम के पूर्णकालिक कप्तान

नईदिल्ली, मिचेल सैंटनर को न्यूजीलैंड की वनडे और टी—20 टीमों का पूर्णकालिक कप्तान नियुक्त किया गया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने आधिकारिक तौर पर ये ऐलान किया है।वह केन विलियमसन की जगह लेंगे, जिन्होंने टी—20 विश्व कप 2024 के बाद इस पद से इस्तीफा दे दिया था।सैंटनर का कार्यकाल 28 दिसंबर से श्रीलंका के खिलाफ टी—20 और वनडे सीरीज से शुरू होगा।आइए इस खबर पर एक नजर डालते हैं।

सैंटनर ने कप्तान नियुक्त किए जाने के बाद अपनी उत्सुकता जाहिर की।उन्होंने कहा, यह स्पष्ट रूप से एक बड़ा सम्मान है। जब आप छोटे बच्चे होते हैं तो हमेशा न्यूजीलैंड के लिए खेलने का सपना होता है, लेकिन 2 प्रारूपों में अपने देश का आधिकारिक रूप से नेतृत्व करने का अवसर मिलना बहुत खास है। यह एक नई चुनौती है और मैं सफेद गेंद क्रिकेट के महत्वपूर्ण दौर में शामिल होने के लिए उत्साहित हूं।

# पाकिस्तान ने पहले वनडे में दक्षिण अफ्रीका को हराया, सैम अयूब ने जड़ा शतक

नईदिल्ली,18 दिसंबर। पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने पहले वनडे में दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम को 3 विकेट से हराकर 3 मैचों की सीरीज में बढ़त हासिल की।बोलैंड पार्क स्टेडियम में मेजबान टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों के बाद 239/9 का स्कोर बनाया।जवाब में मेहमान टीम ने सैम अयूब के शतक (109) की मदद से 49.3 ओवर में लक्ष्य हासिल किया।आइए मैच में बने रिकॉर्ड्स पर एक नजर डालते हैं।दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज टोनी डी जोरजी (33) और रयान रिकेल्टन (36) ने 70 रन की साझेदारी निभाई।इसके बाद मध्यक्रम में कप्तान एडेन मार्करम (35) और हेनरिक क्लासेन (86) ने टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। पाकिस्तान से सलमान अली आगा ने 4 विकेट लिए।जवाब में पाकिस्तान ने 60 के स्कोर तक अपने 4 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद अयूब ने शतक लगाया और आगा ने नाबाद 82 रन बनाकर पाकिस्तान को जीत दिलाई।युवा बल्लेबाज अयूब ने लगातार गिर रहे विकेटों के बीच प्रभावित किया। एक छोर से टिककर बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने 72 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया।अपना पचासा पूरा करने के बाद उन्होंने रन गति में इजाफा किया और 112 गेंदों में अपनी पारी को शतक में तब्दील किया।उन्हें दूसरे छोर से आगा का अच्छा साथ मिला और इस जोड़ी ने 141 रन की साझेदारी की।अयूब 119 गेंदों में 109 रन बनाकर आउट हुए।अयूब ने शतक लगाकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। 22 वर्षीय यह बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीका में लक्ष्य का पीछा करते हुए वनडे शतक बनाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने हैं।आगा ने अपने 8 ओवर में 32 रन देते हुए 4 सफलताएं हासिल की। इस ऑफ स्पिनर ने दक्षिण अफ्रीका की टीम के शीर्ष क्रम के 3 बल्लेबाजों के विकेट लिए।इसके बाद मुश्किल परिस्थितियों में बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने 90 गेंदों में नाबाद 82 रन बनाते हुए जीत दिलाई।

## एक नजर

### नगर निगम ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : शहर की सड़कों पर पसरे अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम का अभियान जारी है। बुधवार को नगर निगम ने सड़क किनारे नाली के बाहर दुकान सजाने वालों का सामान जब्त किया। साथ ही रेहड़ी-ठेली वालों को भी सख्त चेतावनी दी गई। गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में अतिक्रमण नासूर बनता जा रहा है। अतिक्रमण के कारण आमजन का पैदल चलना भी मुश्किल होता जा रहा है। कुछ सप्ताह पूर्व शहर में अतिक्रमण के खिलाफ पूर्व सैनिकों ने भी नगर निगम के खिलाफ आंदोलन किया था। इसके बाद से नगर निगम अतिक्रमण के खिलाफ सख्ती दिखा रहा है। बुधवार को टीम ने बदरीनाथ मार्ग, गोखले मार्ग, स्टेशन रोड सहित अन्य स्थापनों पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। सड़क पर दुकान सजाने वाले व्यापारियों का सामान जब्त किया गया। साथ ही रेहड़ी ठेली वालों को भी मुख्य सड़क पर खड़े न रहने की चेतावनी दी गई। नगर आयुक्त वैभव गुप्ता ने कहा कि अतिक्रमण को लेकर चल रहे अभियान को सफल बनाने के लिए निगम की विशेष टीम गठित की गई है। शहर में बिना लाइसेंस वाली रेहड़ी-ठेली को भी नहीं लगने दिया जाएगा।

### युवक व युवतियों को दिए प्रमाण पत्र

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : युवा कल्याण एवं पीआरडी विभाग की ओर से इफको इंटरनेशनल एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी की ओर से अनुसूचित जाति की युवा युवतियों के लिए कौशल प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के उपरांत युवक-युवतियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। अनुसूचित जाति की युवा-युवतियों के लिए कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 18 से 35 वर्ष के युवाओं को दो माह का ब्यूटीशियन व कंप्यूटर कोर्स का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के बाद आयोजित कार्यक्रम में पार्षद सुखपाल शाह ने चालीस बच्चों को कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रमाण पत्र, तीस बच्चों को ब्यूटीशियन प्रमाण पत्र वितरित किए। सेंटर मैनेजर दीपक देव, सागर शाह ने कहा कि यह योजना अनुसूचित जाति के गरीब बच्चों के लिए सरकार द्वारा संचालित है आगे भी इस योजना को चलाया जाएगा। कुसुम देवी व दमंती देवी ने दो महीने तक बच्चों को प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार के लिए तैयार किया।

### लक्ष्मण सिंह नेगी अध्यक्ष व कुलदीप बनें मंत्री

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : राजकीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की पुरानी कार्यकारणी को भंग कर नवीन कार्यकारणी का गठन किया गया। इस दौरान लक्ष्मण सिंह नेगी को अध्यक्ष व कुलदीप रावत को मंत्री चुना गया। निर्वाचन अधिकारी रविंद्र सिंह चौहान की देखरेख में हुए चुनाव में अन्य पदों पर संदीप गुसांई को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अशोक कुमार नेगी को संयुक्त मंत्री व देवेंद्र सिंह नेगी को कोषाध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर निर्वतमान ब्लाक प्रमुख नीरज पांथरी, अरविंद पांथरी, कृष्ण कुमार रावत, भगत सिंह भंडारी, मुकेश काला, विपिन रांगड़, सुधीर रावत, धर्मेंद सिंह मौजूद रहे।

# धनराशि स्वीकृति के बाद भी नहीं बन रही ट्रेंचिंग ग्राउंड की दीवार

## सुरक्षा दीवार नहीं होने से खोह नदी में गिर रहा ट्रेंचिंग ग्राउंड का कूड़ा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नगर निगम अपनी जिम्मेदारियों को लेकर कितना लापरवाह है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है। बजट जारी होने के बाद भी नगर निगम गाड़ीघाट में बाढ़ सुरक्षा दीवार निर्माण की सुध नहीं ले रहा। नतीजा ट्रेंचिंग ग्राउंड की गंदगी खोह नदी में गिरने से उसका जल दूषित हो रहा है। जबकि, कई काश्तकार नदी के जल का उपयोग खेती व मवेशियों को पिलाने के लिए करते हैं। गत वर्ष 13 अगस्त को हुई अतिवृष्टि से उफान पर बनी खोह नदी ने ट्रेंचिंग ग्राउंड की सुरक्षा दीवार को बहा दिया था। यही नहीं ट्रेंचिंग ग्राउंड का कुछ हिस्सा भी नदी की भेंट चढ़ गया था। वर्षा काल के बाद से ट्रेंचिंग ग्राउंड का कूड़ा लगातार खोह नदी में गिर रहा है। नदी दूषित होने से जलीय जीवों पर खतरा मंडरा रहा है। पूर्व में सुरक्षा दीवार निर्माण के लिए नगर निगम ने सिंचाई विभाग को पत्र भेजा था। इसके लिए विभाग ने 1.5 करोड़ रुपये का प्रस्ताव जिला प्रशासन को भेजा। लेकिन, इस प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं मिल पाई। ऐसे में अब शासन ने राज्य वित्त में बाढ़ सुरक्षा दीवार निर्माण के लिए डेढ़ करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। धनराशि स्वीकृत होने के बाद भी नगर निगम धरातल पर निर्माण कार्य शुरू नहीं कर पा रहा है। ऐसे में नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।



गाड़ीघाट में सुरक्षा दीवार नहीं होने से खोह नदी में गिरता ट्रेंचिंग ग्राउंड का कूड़ा

### तो हो सकती है समस्या

सुरक्षा दीवार ढहने के बाद से ट्रेंचिंग ग्राउंड की भूमि नीचे से खोखली होती जा रही है। ऐसे में यदि जल्द सुरक्षा दीवार का निर्माण नहीं हुआ तो भूमि बहने का खतरा बना हुआ है। ऐसे में नगर निगम के समक्ष कूड़ा निस्तारण की समस्या खड़ी हो सकती है। वर्तमान में ट्रेंचिंग ग्राउंड में शहर के चालीस वार्डों का कूड़ा एकत्रित किया जाता है। ट्रेंचिंग ग्राउंड की सुरक्षा दीवार निर्माण के लिए 1.5 करोड़ की धनराशि स्वीकृत है। कार्यदायी संस्था सिंचाई विभाग दुगड्डा है। दीवार निर्माण का कार्य जल्द शुरू करने के लिए कार्यदायी संस्था को पत्र भेजा गया है।

**.वैभव गुप्ता, नगर आयुक्त**

# प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** अभ्युदय परिवार जयहरीखाल की ओर से आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने अपना दमखम दिखाया। प्रतियोगिता में पाली, मंदौली, सुरमाड़ी, जैहरी आदि क्षेत्रों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। अभ्युदय परिवार की संयोजिका भावना वर्मा की देखरेख में प्रतियोगिता संपन्न होने पर अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। बालिका प्राथमिक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में अंशिका, आयुषी, योगिता, नींबू दौड़ में आराध्या, आयुषी, कनक, मेंढक दौड़ में अवंतिका, रुचि, योगिता/रेविका, 60 मीटर दौड़ में आराध्या, तन्वी, अवंतिका, जूनियर वर्ग की 60 मीटर दौड़ में आराध्या, दिव्या, अनुश्री, 100 मीटर दौड़ में अनमोल, अनुष्का, प्रिया, 200 मीटर दौड़ में अनमोल, अनुश्री, रुचि, 400 मीटर दौड़ में अदिति, सिमरन/मानसी, अंशिका ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक प्राथमिक वर्ग की 60 मीटर दौड़ में विवान, आभास, कार्तिक, 100 मीटर दौड़ में अनमोल, अरनव, विवान व अनिकेत ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। नींबू दौड़ में विवान ने प्रथम, विराज व शिवम ने द्वितीय, विवान ने तृतीय स्थान पाया। मेंढक दौड़ में कार्तिक ने प्रथम विवान व आभास ने द्वितीय, वंश व शिवम ने तृतीय स्थान पाया। जूनियर वर्ग की 60 मीटर दौड़ में वासु, आयुष, मानस, 100 मीटर दौड़ में आयुष, मानस/शौर्य, वरुण, 200 मीटर दौड़ में मयंक, अयान, मानस, 400 मीटर दौड़ में आयुष, वासु, शौर्य, म्यूजिकल चेयर रेस में मयंक, अयान, शौर्य ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में सोनिया डोबरियाल, सुमन बहुगुणा, प्रगति रावत, बसंती चौधरी, रंजना असवाल और अनीता रावत रहीं।

# जनचेतना के लिए विद्यार्थियों ने निकाली रैली



स्पर्श गंगा दिवस पर पब्लिक इंटर कालेज सुरखेत में जागरूकता रैली निकालते विद्यार्थी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत में स्पर्श गंगा दिवस के अवसर पर रैली निकाली गई। विद्यार्थियों ने लोगों को नदियों को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। इस दौरान क्षेत्र में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया।

विद्यालय के शिक्षक प्रकाश चंद्र कैंथोला, नीरज रमोला, सतीश चंद्र के नेतृत्व में जनचेतना रैली निकाली गई। इससे पूर्व, प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने विद्यार्थियों को स्पर्श गंगा के प्रति जागरूक किया। कहा कि हमें अपने गांव के आसपास बहने वाली नदियों को स्वच्छ बनाना चाहिए। साथ ही प्राकृतिक स्त्रोत व तालाबों के संरक्षण के लिए भी गंभीरता से कार्य होना चाहिए। जनचेतना रैली ग्राम धरासू के विभिन्न स्थानों पर निकाली गई। रैली के दौरान विद्यार्थी निर्मल बहे गंगा की धारा, हर-हर गंगे जय मां गंगे, जल बचेगा तो जीवन बचेगा जैसे कई नारे लगा रहे थे। इसके उपरांत स्वयं सेवियों ने प्राकृतिक स्त्रोत, जल स्त्रोत, शिव मंदिर के साथ ही गांव के मार्ग में उगी झाड़ियों का कटान किया। इस दौरान ग्रामीणों से भी गांव को स्वच्छ व सुंदर बनाने की अपील की गई। कहा कि हमें सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा डालने के बजाय कूड़ेदान का उपयोग करना चाहिए। विद्यार्थियों ने विद्यालय में बनाई गई अमृत वाटिका की भी साफ-सफाई की।

## वनों की सुरक्षा के लिए आगे आएंगे सेवानिवृत्त कर्मचारी व अधिकारी

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** पर्यावरण संरक्षण व वनों की सुरक्षा के लिए सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण समिति ने आगे आने का निर्णय लिया है। कहा वन हैं तो कल है इसी संकल्प के साथ समिति ने फायर सीजन में वन विभाग का सहयोग करने का भी निर्णय लिया है। पनियाली स्थित अरण्य सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ सेवानिवृत्त वनाधिकारी धीरजधर बछुवाण व दिनेश चंद्र घिल्डियाल ने किया। बैठक में सर्वप्रथम पिछली बैठक के एजेंडे पर चर्चा की गई। तत्पश्चात कोषाध्यक्ष ने आय-व्यय का ब्यौरा सार्वजनिक किया। वक्ताओं ने कहा कि फायर सीजन में आमतौर पर वनों में आग की घटनाएं होती रहती है। वन विभाग के कर्मचारी भी वनों में लगी आग को बुझाने का भरसक प्रयास करते है। कहा कि ऐसी परिस्थितियों में जरूरत पड़ने पर सेवानिवृत्त कर्मचारी भी अपनी सेवा देने के लिए तैयार है। कोल्हूचौड़ में सफारी शुरू किए जाने पर खुशी वक्त की है। कहा कि सफारी खुल जाने से स्थानीय लोगों को रोजगार के साथ ही पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इस मौके पर चंद्रकिशोर असवाल, गणेश डोभाल, सुरेश मधवाल, अनिल कुकरेती मौजूद रहे।

# रुचि के अनुसार कार्य का भी प्रशिक्षण लें विद्यार्थी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : दुगड्डा स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को रुचि के अनुसार कार्य का प्रशिक्षण लेने के लिए प्रेरित किया गया।

आयोजित मेले का शुभारंभ ज्वाइंट डायरेक्टर, अप्रैंटिस निदेशक मयंक अग्रवाल ने किया। उन्होंने युवाओं से भारत सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं से जुड़ने का आह्वान किया। कहा कि विद्यार्थियों को जिस कार्य में रुचि हो, इसे बेहतर तरीके से सीखने का प्रयास करना चाहिए। प्रधानाचार्य त्रिलोचन सुंद्रियाल ने कहा कि युवाओं को कौशल की ओर प्रेरित होना चाहिए व सरकार की सभी योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना में परंपरागत रूप से कार्य कर रहे युवाओं को उनकी रुचि के अनुसार पांच दिन का प्रशिक्षण दिया जाता है। साथ ही उन्हें एक लाख तक का ऋण भी मिलता है। पूर्व में 55 युवाओं का पंजीकरण इसके लिए किया जा चुका है, जिसमें 10 युवाओं को राज मिस्त्री की ट्रेनिंग दी गई। इस दौरान प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेले में 14 कंपनियों ने प्रतिभाग किया व 208 नान प्रशिक्षित व प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं ने भाग लिया। इस दौरान राजकीय इंटर कालेज दुगड्डा के प्रधानाचार्य रमेश चंद्र कुकरेती ने भी युवाओं को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर जीएस बुड़ाकोटी, संजीव कपूर आदि मौजूद रहे।



दुगड्डा के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित मेले में युवाओं को संबोधित करते अतिथि।

# चंद्रबल्लभ मुंडेपी के निधन पर जताया शोक

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** श्री गोपाल गोलोकधाम सेवा संस्थान ने गाड़ीघाट स्थित कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें समिति के उपाध्यक्ष अनुसुया मुंडेपी के पति चंद्रबल्लभ मुंडेपी के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया। बैठक में संस्थान के पदाधिकारियों ने कहा कि चंद्रबल्लभ मुडेपी एक मिलनसार व्यक्ति थे। हर समय वे गोपाल गोलोकधाम सेवा संस्थान के लिए सहयोग करते रहते थे। उनके निधन से सेवा संस्थान को बहुत बड़ी क्षति हुई है। संस्थान की तरफ से चंद्रबल्लभ मुंडेपी के स्वजनों को ढांढस भी बंधाया गया। शोक सभा में गोपाल कृष्ण अग्रवाल, महावीर सिंह रावत, राजेंद्र जखमोला, भगवती प्रसाद कंडवाल, कैलाश अग्रवाल, बृजमोहन भदूला, गिरीश चंद्र जखमोला, राजेंद्र पुरोहित मौजूद रहे।




## एक नजर

### टेंडर होने के बाद भी सड़क का निर्माण कार्य शुरू न होना दुर्भाग्यपूर्ण

नई टिहरी : भिलंगना ब्लॉक की बासर पट्टी के पनुणा और बछड़गांव को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण कार्य शुरू न होने पर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई है। कहा कि इस कार्य का टेंडर छह माह पूर्व हो गए था। बावजूद इसके कार्य शुरू न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने लोनिवि घनसाली के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपते हुए जल्द कार्य शुरू न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। मंगलवार को बासर पट्टी के अमसरस, पनुणा, बछड़गांव के ग्रामीणों ने सिलूड़ी-बछड़गांव मोटर मार्ग के नव निर्माण को लेकर लोनिवि के ईई डीसी नौटियाल को पत्र सौंपकर पूर्व में स्वीकृति इस मोटर मार्ग के टेंडर मई माह में कराने के बावजूद निर्माण कार्य शुरू न करने पर रोष जताया। कहा कि जल्द से जल्द सड़क की कटिंग शुरू की जाए, ताकि ग्रामीणों को सड़क की सुविधा मिल सके।

### घनसाली के आदित्य ने थाईलैंड में जीता गोल्ड मेडल

नई टिहरी : भिलंगना ब्लॉक के खवाड़ा गांव निवासी आदित्य नेगी ने थाईलैंड में आयोजित जूनियर वर्ग अंडर-13 बैडमिंटन प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल कर प्रदेश और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। आदित्य बेंगलुरु में प्रकाश पादुकोण एकेडमी में बैडमिंटन की ट्रेनिंग ले रहे हैं। इससे पूर्व उन्होंने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपने जोड़ीदार हल्द्वानी के तन्मय वर्मा के साथ खेलते हुए अंडर-13 के डबल्स में खिताब जीता। उसके बाद बीडब्ल्यूएफ जूनियर इंटरनेशनल सीरीज बैडमिंटन टूर्नामेंट में आदित्य ने थाईलैंड के ही सांग फूम को हराया ।

# सामान्य ज्ञान में महिमा, कार्तिक, शिवांश रहे अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : मंगलम सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था झण्डीचौड़ की ओर से कोटद्वार जोन का सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का परिणाम घोषित हो गया है। प्राइमरी वर्ग में संस्कार वैली स्कूल कलालघाटी की छात्रा महिमा उनियाल, जूनियर वर्ग में नव युग पब्लिक स्कूल मोटाढाक के छात्र कार्तिक असवाल, सीनियर वर्ग में श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल लालपानी के छात्र शिवांश नेगी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता के संयोजक उमेश रावत ने परिणाम घोषित किया। जिसमें प्राइमरी वर्ग में प्रथम स्थान पर संस्कार वैली स्कूल कलालघाटी की छात्रा महिमा उनियाल रही। जबकि नवयुग पब्लिक स्कूल मोटाढाक की छात्रा कुसुम नेगी, जीवा चाइल्ड केयर एकेडमी ग्रास्टनगंज के छात्र अनुराग, विद्या पीठ जूनियर हाईस्कूल घमण्डपुर की छात्रा स्वर्णिका रतूड़ी, न्यू ऐरा पब्लिक स्कूल लालपानी के छात्र अभिषेक रावत, सेंट मेरी स्कूल कुंभीचौड़ के छात्र शौर्य रावत, श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल लालपानी की छात्रा सांची नेगी ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वी.वी. एम हाई स्कूल लालपुर की छात्रा अदिति रावत व वी.एस.एन. काशीरामपुर के छात्र देव सिंह राणा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में नव युग पब्लिक स्कूल मोटाढाक के छात्र कार्तिक असवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल लालपानी के छात्र अंकुश रहे। तृतीय स्थान पर न्यू ऐरा पब्लिक स्कूल लालपानी की छात्रा सिमरन रावत, विद्या पीठ जूनियर हाईस्कूल घमण्डपुर के छात्र शौर्य रावत, जीवा चाइल्ड केयर एकेडमी ग्रास्टनगंज के छात्र जयंत, वी.वी.एम.हाई स्कूल लालपुर के छात्र शिवांकर दत्त, सेंट मैरी कुंभीचौड़ के छात्र सौरभ विश्वकर्मा, संस्कार वैली स्कूल कलालघाटी की छात्रा सोनिया संयुक रूप से रहे। सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल लालपानी के छात्र शिवांश नेगी रहे। द्वितीय स्थान पर नव युग पब्लिक स्कूल मोटाढाक की छात्रा महिमा ध्यानी और तृतीय स्थान पर वी.वी.एम.हाई स्कूल लालपुर की छात्रा महिमा रही। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता को सम्पन्न करवाने में रोहित चौधरी, पवनदेव, विकास बिष्ट, सुजीत रावत आदि ने सहयोग दिया।



प्रतियोगिता की अव्वल छात्रा को सम्मानित करते सदस्य

# वन्य जीवों से खेती की सुरक्षा को कृषि विभाग कर रहा चैन फेंसिंग

### विभाग की ओर से 400 हेक्टेयर कृषि भूमि की सुरक्षा के तैयार की गई योजना

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : उत्तराखंड के पहाड़ी जिलों में कृषि से किसानों की आय में वृद्धि के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में कृषि विभाग की ओर से खेतों की सुरक्षा की अभिनव पहल शुरू की गई है। योजना के तहत विभाग की ओर से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 4 सौ हेक्टेयर कृषि भूमि की चेन फेंसिंग की जा रही है।

प्रभारी कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी राजेश खेतवाल ने बताया कि चमोली जनपद में वन्य जीवों द्वारा फसलों को बड़े पैमाने पर नुकसान किया जा रहा था। जिसे देखते हुए विभाग की ओर से जिला योजना के तहत 2 करोड़ 86 लाख 75 की लागत से 65 स्थानों पर योजना का कार्य किया जा रहा है। योजना के तहत जनपद में 4 हेक्टेयर भूमि की वन्य जीवों से सुरक्षा की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि जनपद में वर्तमान तक 35 योजना कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। जबकि 27 योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। कहा कि जनपद में प्रस्तावित सभी कार्यों को जनवरी मध्य तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।



# नेशनल गेम्स : वॉलंटियर बनने का क्रेज, तैयारी तेज

**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून** : 38वें नेशनल गेम्स की तेज होती तैयारियों के बीच वॉलंटियर बनने का जबरदस्त क्रेज है। कॉलेजों के छात्रों से लेकर रिटायर्ड आर्मी अफसर तक वॉलंटियर बनने के लिए लाइन में हैं। यही नहीं, उत्तराखंड से बाहर के अन्य प्रदेशों से भी रजिस्ट्रेशन कराए जा रहे हैं। स्थिति यह है कि रजिस्ट्रेशन का आंकड़ा दस हजार तक पहुंचने वाला है। हालांकि विभाग की आवश्यकता दो से ढाई हजार वॉलंटियर्स की है। नेशनल गेम्स के शुभंकर समेत अन्य प्रतीकों की लॉचिंग के बाद रजिस्ट्रेशन में तेजी आई है। नेशनल गेम्स सचिवालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित सिन्हा के अनुसार नेशनल गेम्स जैसे बड़े आयोजन के लिए सभी का सहयोग लिया जा रहा है। वॉलंटियर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया फिलहाल गतिमान है। वॉलंटियर नेशनल गेम्स के सफल आयोजन में अहम भूमिका निभाएंगे। अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशांत आर्या ने बताया कि कई रिटायर्ड अफसरों ने भी वॉलंटियर बनने की इच्छा प्रकट करते हुए रजिस्ट्रेशन कराया है। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र व अन्य प्रदेशों से भी रजिस्ट्रेशन कराए जा रहे हैं। यदि आप नेशनल गेम्स में वॉलंटियर बतौर अपनी भूमिका निभाना चाहते हैं, तो सबसे पहले आपको अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा। आप खेल विभाग की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। यह जरूरी है कि आपकी आयु 18 वर्ष या इससे अधिक हो। रजिस्ट्रेशन हो जाने के बाद आपके स्तर पर दी गई जानकारी के आधार पर चयन प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। रजिस्ट्रेशन कराते वक्त आपको श्रेणियों के दो विकल्प मिलेंगे। इसमें से एक खेल पृष्ठभूमि को इंगित करता विकल्प होगा, जबकि दूसरा विकल्प सामान्य होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि नेशनल गेम्स का आयोजन किसी विभाग का नहीं, बल्कि ये पूरे उत्तराखंड का है।

# रेल परियोजना की निर्माणाधीन सुरंग में मॉक ड्रिल से परखी तैयारी

### बचाव दल ने सुरंग के अदर फंसे 10 मजदूरों को सफलतापूर्वक किया रेस्क्यू

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : बाढ़ एवं भूस्खलन जैसी आपदा के दौरान प्रबंधन को परखने के लिए देवप्रयाग के सौड़ में रेल परियोजना की निर्माणाधीन सुरंग में मॉक ड्रिल की गई। मॉक ड्रिल के तहत सुरंग में फंसे सभी 10 मजदूरों का सफलता पूर्वक रेस्क्यू किया गया। जिला कार्यालय स्थित सभागार में स्थापित कंट्रोल रूम में डटे मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत और अपर जिलाधिकारी अनिल गर्ब्याल पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए रखे हुए थे।

मंगलवार पूर्वाह्न 11 बजे आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि देवप्रयाग के सौड़ में निर्माणाधीन रेलवे सुरंग में बाढ़ की वजह से मलबा आ गया है। जिसके चलते कुछ मजदूर अंदर फंस गए हैं। आपदा से बचाव हेतु जिला प्रशासन की मदद की जरूरत है। कंट्रोल रूम से सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार पौड़ी, देवप्रयाग थाने से पुलिस बल, आपदा प्रबंधन और आपदा मित्र की टीम घटनास्थल की ओर रवाना हुई। इसी बीच सूचना मिली कि स्थिति को देखते हुए एनडीआरएफ की जरूरत है। इसके बाद एनडीआरएफ भी घटनास्थल की ओर रवाना हुई। कंट्रोल रूम की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम एंबुलेंस मौके पर पहुंची। प्रभावितों तक तत्काल राहत पहुंचाने और सूचनाओं के आदान-प्रदान के मकसद से सुरंग के समीप ही पुलिस कंट्रोल रूम और स्टेजिंग एरिया स्थापित किया गया। वहीं, जिलाधिकारी कार्यालय में अस्थायी तौर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया। घटना की सूचना मिलते ही मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत, अपर जिलाधिकारी अनिल गर्ब्याल सहित आपदा प्रबंधन से जुड़े अन्य अधिकारी भी तत्काल कंट्रोल रूम पहुंच गए। मौके पर पहुंचने के बाद बचाव दल ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। सर्वप्रथम बचाव दल ने सुरंग के अंदर फंसे दो मजदूर निकाले। दोनों सामान्य घायल थे। दोनों को 108 एंबुलेंस से लगभग 07 किलोमीटर दूर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवप्रयाग भेजा गया। कुछ देर बाद दल ने 06 मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। बाद में शेष 02 मजदूरों को भी सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। एक मजदूर की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवप्रयाग भेजा गया। इस मौके पर मुख्य कोषाधिकारी गिरीश चंद्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. विशाल शर्मा, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी दीपेश काला, जिला पंचायत राज अधिकारी जीतेंद्र कुमार, अधिशासी अभियंता जल संस्थान एसके रॉय, अधिशासी अभियंता ऊर्जा निगम संजय कुमार, सहायक अभियंता लोनिवि शिवेंद्र अष्टवाल, सहायक उप निरीक्षक पुलिस दूरसंचार नीतू असवाल आदि मौजूद थे।



### आपदा के दौरान कम्युनिकेशन और कॉर्डिनेशन महत्वपूर्ण

रेस्क्यू ऑपरेशन की सफलता पूर्व पर मुख्य विकास अधिकारी श्री गुणवंत ने अभियान से जुड़े लोगों को बधाई देते हुए कहा कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य कमियों को देखकर उसको दूर करना है। ताकि भविष्य में कभी ऐसी स्थिति आती है, तो सभी तैयार रहें। उन्होंने अभियान से जुड़े लोगों से कहा कि मॉक ड्रिल यदि उन्हें कोई कमी दिखी हो या कोई सुझाव देना चाहते हैं, तो संबंधित उसकी रिपोर्ट भेज दें। अपर जिलाधिकारी श्री गर्ब्याल ने कहा कि आपदा की सूचना मिलते ही जिला मुख्यालय में स्थित अधिकारियों को तत्काल कंट्रोल रूम पहुंचना चाहिए। ताकि उनके स्तर पर कार्रवाई का संपादन हो सके। एनडीआरएफ के सहायक कमांडेंट सुनील कुमार ने कहा कि आपदा के दौरान कम्युनिकेशन और कॉर्डिनेशन महत्वपूर्ण होता है।

## अदालती सूचना

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज कनिष्ठ खण्ड कोटद्वार जनपद पौड़ी गढ़वाल**

**दीवानी वाद संख्या 32 सन् 2024**

इन्दू देवी बनाम आम जनता आदि

समन बनाम :- 1- आम जनता

2- पूरणचन्द्र खन्तवाल

3- अमन खन्तवाल पुत्रगण श्री चिंतामणी खन्तवाल निवासी ग्राम व पोस्ट बालासौड़, पट्टी सुखरौ, तहसील कोटद्वार, जनपद पौड़ी गढ़वाल

4- पार्षद ग्राम बालासौड़ कोटद्वार जनपद पौड़ी गढ़वाल

.........................विपक्षीगण

हर आम खास को सूचित किया जाता है कि मेरे न्यायालय में श्रीमति इन्दूदेवी के द्वारा अपने पिता श्री चिंतामणी पुत्र स्व0 नन्दलाल निवासी ग्राम व पोस्ट बालासौड़ तहसील कोटद्वार जनपद पौड़ी गढ़वाल के पिछले 14 वर्षों से लापता होने एवं ना मिल पाने के कारण मृतक घोषित करवाने की उद्घोषणा बाबत प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः हर आम खास को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को कोई जानकारी हो या उसका कोई हित निहित हो वह मेरे न्यायालय में दिनांक 21/12/2024 को प्रातः 10 बजे असालतन या वकालतन उपस्थित होकर मामलें में जबाबदेही करें। ऐसा ना होने पर एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

मेरे दस्तख्त एवं मुहर अदालत के आज दिनांक 18/12/2024 को जारी।

**आज्ञा से**
**सिविल जज (क0ख0)**
**कोटद्वार गढ़वाल।**

## अदालती सूचना

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज कनिष्ठ खण्ड कोटद्वार जनपद पौड़ी गढ़वाल**

दीवानी वाद संख्या 82 सन् 2023

ममता देवी बनाम आम जनता आदि

समन बनाम :- आम जनता आदि

..............................विपक्षीगण

हर आम खास को सूचित किया जाता है कि मेरे न्यायालय में श्रीमति इन्दूदेवी के द्वारा अपने पति श्री मदनमोहन पुत्र गेन्दनलाल निवासी ग्राम तुन्ना/निसनी तहसील यमकेश्वर जनपद पौड़ी गढ़वाल के पिछले 9 वर्षों से लापता होने एवं ना मिल पाने के कारण मृतक घोषित करवाने की उद्घोषणा बाबत प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः हर आम खास को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को कोई जानकारी हो या उसका कोई हित निहित हो वह मेरे न्यायालय में दिनांक 23/12/2024 को प्रातः 10 बजे असालतन या वकालतन उपस्थित होकर मामलें में जबाबदेही करें। ऐसा ना होने पर एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

मेरे दस्तख्त एवं मुहर अदालत के आज दिनांक 18/12/2024 को जारी।

**आज्ञा से**
**सिविल जज (क0ख0)**
**कोटद्वार गढ़वाल।**

# वैडिंग डेस्टिनेशन विकसित करने के लिए चार सप्ताह में पॉलिसी बनाएं : धामी

### पंतनगर और देहरादून एयरपोर्ट में विमानों की नाइट लैंडिंग की व्यवस्था करें

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : उत्तराखण्ड में वैडिंग डेस्टिनेशन विकसित किये जाने के लिए पर्यटन विभाग द्वारा 04 सप्ताह में पॉलिसी बनाई जाए। पंतनगर और देहरादून एयरपोर्ट में विमानों की नाइट लैंडिंग की व्यवस्था के लिए की जा रही कार्यवाही में तेजी लाई जाए। दो नये शहरों को विकसित करने की कार्य योजना को धरातल पर लाने के लिए तेजी से कार्यवाही की जाए। गंगा और शारदा कॉरिडोर डेवलपमेंट और डाक पत्थर में बनने वाले नॉलेज सिटी के लिए चरणबद्ध तरीके से कार्य किये जाएं। जून 2026 तक सभी परियोजनाओं पर विधिवत कार्य प्रारंभ किया जाए।

बुधवार को सचिवालय में उत्तराखण्ड निवेश और आधारिक संरचना विकास बोर्ड (यू.आई.आई.डी.बी.) की तृतीय बैठक के दौरान ये निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि विरासत के साथ विकास के मॉडल पर कार्य किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की आगामी 25 साल की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न विकास योजनाओं का सुनियोजित प्लान कर कार्य किये जाएं। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड निवेश और आधारिक संरचना विकास बोर्ड के तहत सभी परियोजनाओं से संबधित क्षेत्रों के विकास के लिए सुनियोजित तरीके से कार्य किया जाए। जनप्रतिनिधियों और स्टेक होल्डरों के सुझावों को शामिल कर परियोजनाओं को आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं की नियमित समीक्षा की जायेगी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश को वैडिंग डेस्टिनेशन के रूप में पहचान दिलाने के लिये विभिन्न स्थलों का चयन कर वहां अवस्थापना सुविधाओं के विकास पर ध्यान देने को कहा। इसके लिए वेडिंग प्लानरों, होटल समूहों से सहयोग लेकर इसके प्रचार-प्रसार पर भी ध्यान देने पर बल दिया। राज्यों में दो नये शहरों के विकास और सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं विकसित करने के लिए स्पष्ट कार्य योजना के तहत कार्य करने के उन्होंने निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यू.आई.आई.डी.बी. की परियोजनाओं के तहत पर्यटन और तीर्थाटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थानों के विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। गंगा और शारदा कॉरिडोर के पौराणिक और आध्यात्मिक महत्व को ध्यान में रखते हुए कार्य किये जाएं। बैठक में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, विधायक मदन कौशिक, श्रीमती रेनू बिष्ट, उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद विश्वास डाबर, मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, शैलेश बगोली, दिलीप जावलकर, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, विनय शंकर पाण्डेय, डॉ. आर राजेश कुमार, उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल, जिलाधिकारी पौड़ी डॉ. आशीष चौहान, जिलाधिकारी हरिद्वार कर्मेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



# उत्तराखंड के भविष्य को बचाने के लिए लड़नी पड़ेगी लड़ाई : बहुगुणा



जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने बुधवार को पोखरी में आयोजित हिमवंत कवि चंद्रकुंवर बर्त्वाल खादी ग्रामोद्योग एवं पर्यटन शरदोत्सव मेले में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। उन्होंने प्रकृति के चितेरे कवि चन्द्र कुंवर बर्त्वाल को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। कैबिनेट मंत्री के पोखरी पहुंचने पर मेला समिति के पदाधिकारियों ने फूल मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने मेले मौजूद सभी माताओं, बहिन और स्कूल के बच्चों से अपील करते हुए कहा कि एक लड़ाई उत्तराखंड को बनाने की लड़ी थी। लेकिन आज एक लड़ाई उत्तराखंड के भविष्य को बचाने के लिए भी करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नशे के खिलाफ है। माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 2025 तक उत्तराखंड से नशे को खत्म करने का प्रण लिया है। उन्होंने कहा कि इसमें उत्तराखंड के जन जन का सहयोग आवश्यक है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मेले हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं के जीवंत प्रतीक हैं। हम सबको उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत को सहेज कर भव्य रूप से आगे बढ़ाना है, ताकि आने वाली युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ी रहे। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि विकास और रोजगार सृजन के लिए राज्य सरकार द्वारा अभूतपूर्व काम किए जा रहे है। पशुपालन जैसे परंपरागत क्षेत्रों को प्रोत्साहित करने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ताकि गांवों को खुशहाल और आत्मनिर्भर बनाया जा सके। कहा कि सरकार 70 नए गौ सदन बनाने जा रही है। पोखरी में गौ सदन बनकर तैयार हो गया है। कहा कि चमोली जिले को 17 नए चिकित्सक और एंबुलेंस दी गई है, ताकि यहां पर पशुपालन का काम अच्छे से चले और लोगों को रोजगार मिल सके। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही पोखरी में पशु चिकित्सालय भवन की मरम्मत कराने के साथ ही आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा। पोखरी क्षेत्र में जीर्णशीर्ण पशु सेवा केंद्रों को भी ठीक कराया जाएगा। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि नशा आज उत्तराखंड की सबसे गंभीर समस्या बन गई है। हमारा युवा नशे का शिकार हो रहा है। कहा कि उत्तराखंड एक देवभूमि है, साथ ही यह वीरभूमि भी है। करीब हर घर से कोई न कोई व्यक्ति सेना में रहकर देश की सेवा करता आया है, लेकिन धीरे-धीरे हमारा युवा नशे की तरफ आकर्षित होता चला जाएगा तो आने वाले समय में यह नशे की भूमि बन जाएगी। इस दौरान बद्रीनाथ विधायक लखपत बुटोला, एडवोकेट देवेंद्र सिंह राणा, एडवोकेट श्रवण सती ने सम्पूर्ण पोखरी क्षेत्र की जनता की मांग एवं समस्याएं कैबिनेट मंत्री के सम्मुख रखी। बताया कि पोखरी में 1960 में बना पशु चिकित्सालय भवन जीर्णशीर्ण स्थिति में है जिसमें मरम्मत एवं चारदीवारी निर्माण कराया जाना आवश्यक है। ग्राम सरमोला में पशु चिकित्सालय खोला जाना चाहिए। पशु सेवा केंद्रों पर भूमि एवं भवन निर्माण और पोखरी में कौशल विकास केंद्र संचालित किया जाना आवश्यक है। ताकि बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जा सके। कैबिनेट मंत्री ने आश्वस्त किया कि क्षेत्र की समस्याओं को जल्द से जल्द दूर करने का पूरा प्रयास किया जाएगा।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई–टेंडर निम्न टेंडर संख्या के अंतर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| Tender No. Date | 269-DRM-MB-24-25 Date: 17.12.2024 | 270-DRM-MB-24-25 Date: 17.12.2024 | 271-DRM-MB-24-25 Date: 17.12.2024 |
|---|---|---|---|
| Name of work | Safety related miscellaneous track activities in the section of SSE/P.Way/RG under ADEN/CH. | Safety related miscellaneous track activities in the section of SSE/P.Way/RJK under ADEN/CH. | Safety related miscellaneous track activities in the section of SSE/P.Way/CH under ADEN/CH. |
| Tender Closing Date Time | 13.01.2025 | 13.01.2025 | 13.01.2025 |
| Advertised Value(₹) | ₹74,99,846.09 | ₹59,99,999.78 | ₹69,99,996.81 |
| Earnest Money(₹) | ₹1,50,000/- | ₹1,20,000/- | ₹1,40 ,000/- |
| Tender Cost(₹) | 00 | 00 | 00 |
| Bidding Start Date | 30.12.2024 | 30.12.2024 | 30.12.2024 |
| Period of Completion | 07 Months | 07 Months | 07 Months |

पत्रांक: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 17.12.2024 3871/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई–टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| Tender No. Date | 263-DRM-MB-24-25 dt. 17.12.2024 | 264-DRM-MB-24-25 dt. 17.12.2024 | 265-DRM-MB-24-25 dt. 17.12.2024 | 267-DRM-MB-24-25 dt. 17.12.2024 |
|---|---|---|---|---|
| Name of work | Heavy repair for improvement Kitchen, Bathroom, etc in Officer's Bunglow in & Replacement of worn out/damaged door & windows and provision of wire gauage doors in North Colony under ADEN/HQ/MB. | Construction of ballast retaining wall at line no-5 HRH yard & other works under ADEN/HQ/MB. | TSR(P) = 9.995 KM at various locations under ADEN/CH. | Safety related miscellaneous track activities in the section of SSE/Pway/MB under ADEN/HQ. |
| Tender Closing Date/Time | 13.01.2025 | 13.01.2025 | 13.01.2025 | 13.01.2025 |
| Advertised Value (Rs.) | 1,39,99,990.35 | 75,15,691.49 | 1,47,48,612.33 | 59,99,994.99 |
| Earnest Money (Rs.) | 2,20,000.00 | 1,50,300.00 | 2,23,800.00 | 1,20,000.00 |
| Bidding Start Date | 30.12.2024 | 30.12.2024 | 30.12.2024 | 30.12.2024 |
| Period of Completion | 06 Months | 06 Months | 06 Months | 06 Months |

सं.: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 17.12.2024 3870/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# गवांणा तक सड़क निर्माण कार्य पूरा न होने पर ग्रामीणों में आक्रोश

श्रीनगर गढ़वाल : विकासखंड कीर्तिनगर के अंतर्गत गंवाणा गांव तक मोटर मार्ग का निर्माण कार्य शुरू न होने पर ग्रामीणों ने रोष व्यक्त किया है। ग्रामीणों का कहना है कि मोटर मार्ग न होने से ग्रामीणों को दो किलोमीटर दूर पैदल चलकर वाहन पकड़ने पड़ते हैं। ग्रामीणों को सामान लादकर चढाई पर ले जाना पड़ता है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं पूर्व ग्राम प्रधान गवांणा चंद्रपाल चौहान, ग्राम प्रधान राजेश्वरी, जगत सिंह चौहान, दीवान सिंह नेगी, केदार सिंह ने बताया कि वर्ष 2021 में 11 किलोमीटर कि सौडू-जाखी-गवांणा मोटर मार्ग को लेकर टेंडर प्रक्रिया हो चुकी है। अक्टूबर 2023 में सौडू-जाखी मोटर मार्ग का 3 किलोमीटर तक का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि इससे आगे 4 किलोमीटर तक रोड़ कटिंग का कार्य भी जून माह में पूर्ण हो चुका है। लेकिन बीच में ही मोटर मार्ग का निर्माण कार्य रोक दिया। गवांणा के ग्रामीणों को मोटरमार्ग की सुविधा न मिलने से बीमार और प्रसव पीडा के दौरान महिलाओं को 2 किलोमीटर दूर डंडी कंडी में ले जाकर दुगड्डा-सौडू-पिपलीधार तक पहुंचना पड़ता है। पूर्व ग्राम प्रधान गवांणा चंद्रपाल चौहान ने कि बताया कि मोटर मार्ग से वंचित होने के कारण गांव से पलायन हो चुका है।

### निगम ने रोका आंतरिक सड़कों का निर्माण कार्य

श्रीनगर गढ़वाल : लगातार गिरते तापमान को देखते हुए शहर की आंतरिक सड़कों का डामरीकरण कार्य नगर निगम ने फिलहाल रोक दिया गया है। दो दिन पहले नगर निगम द्वारा डामरीकरण का कार्य शुरू किया गया था, लेकिन निरंतर गिरते तापमान और ठंड के कारण डामरीकरण को लेकर सड़क पर डाली जा रही कोलतार मिश्रित बजरी सड़क पर चिपक नही पा रही है। कार्य की गुणवत्ता नहीं मिल पाने के कारण इस कार्य को फिलहाल रोक दिया गया है। नगर निगम के सहायक अभियंता पवन कोठियाल ने बताया कि फरवरी महीने में तापमान में सुधार होने पर डामरीकरण शुरू कर दिया जाएगा।

### नवोदय के छात्रों ने किया गढ़वाल विवि का शैक्षणिक भ्रमण

श्रीनगर गढ़वाल : गढवाल विश्वविद्यालय में जवाहर नवोदय विद्यालय, रुद्रप्रयाग के छात्र-छात्राओं के लिए पीएम श्री योजना के तहत समग्र विकास को प्रोत्साहित करने, उच्च शिक्षा संस्थानों की संरचना और अवसरों से परिचित कराने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान छात्रों ने विवि के कला दीर्घा हॉल का भ्रमण किया, जहां उन्हें विभिन्न कलाकृतियों से परिचित कराया गया।

### विभागों को समन्वय के साथ कार्य करना होगा

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : सतत विकास लक्ष्यों और पीएम गति शक्ति पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य सतत विकास लक्ष्यों में जिले की रैंकिंग को और बेहतर बनाने के लिए समर्पित एवं लक्ष्य-आधारित प्रयासों के प्रति कार्मिकों को जागरूक करना है। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत ने कहा कि जिले की प्रगति को उच्चतम स्तर पर बनाए रखने के लिए विभिन्न विभागों को समन्वय के साथ कार्य करना होगा। राज्य स्तरीय विशेषज्ञ करूणाकर सिंह ने बताया कि जीरो हंगर, क्वालिटी एजुकेशन, सतत शहरी विकास और पुलिस विभाग से संबंधित संकेतकों में अपेक्षित प्रगति न होने के चलते 2022-23 में जिले की रैंकिंग प्रभावित हुई थी। उन्होंने इन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। पीएम गति शक्ति पोर्टल के विशेषज्ञ ऐश्वर्या ने पोर्टल और जीआईएस के माध्यम से विभिन्न योजनाओं के समन्वय और कार्यान्वयन पर जानकारी दी। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राम सलोने ने बताया कि सतत विकास लक्ष्यों के क्षेत्र में जिले की रैंकिंग 2022-23 में आठवीं थी, जो 2023-24 में चौथे स्थान तक पहुंची है।

### कोटद्वार, श्रीनगर व दुगड्डा निकायों के वार्डों में फेरबदल की उठाई मांग

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : पौड़ी जिले में निकायों के वार्डों के लिए तय हुए मौजूदा आरक्षण को लेकर आपत्तियों का मिलना जारी है। श्रीनगर नगर निगम में चार, कोटद्वार निगम के 3 वार्डों सहित दुगड्डा पालिका के एक वार्ड के लिए दो आपत्तियां और मिली हैं। डीएम स्तर से तय किए गए नगर निगमों, पालिकाओं और नगर पांचायतों के वार्डों के आरक्षण पर 22 दिसंबर को सुनवाई होनी है। श्रीनगर नगर निगम के सामान्य वार्ड नंबर एक किलियासौड़ को एससी महिला के लिए आरक्षित किए जाने की मांग है। वार्ड नंबर 21 को सामान्य किए जाने की मांग की गई है। वहीं वार्ड नंबर 29 को ओबीसी किए जाने की मांग है। पौड़ी जिले की नगर पालिका दुगड्डा के वार्ड नंबर 2 को कोई सामान्य महिला तो कोई एससी महिला के लिए आरक्षित किए जाने की मांग कर रहा है। वहीं नगर निगम कोटद्वार के वार्डों के मौजूदा आरक्षण को लेकर भी आपत्तियां आ रही हैं। यहां एससी महिला के लिए आरक्षित किए गए वार्ड 39 पूर्वी झंडीचौड़, एससी के लिए आरक्षित वार्ड पश्चमी झंडी चौड़ 37 और ओबीसी के लिए आरक्षित लकड़ी पड़ाव संख्या 5 को सामान्य किए जाने की मांग को लेकर आपत्तियां डीएम दफ्तर में दर्ज हो गई है।


**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com